नई दिल्ली
शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 10
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 26

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


## कांग्रेस की सीडब्लूसी की बैठक में पहलगाम पर निंदा प्रस्ताव हुआ पारित

इधर, पहलगाम हमले के बाद कांग्रेस ने अकबर रोड स्थित अपने मुख्यालय में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की आपात बैठक बुलाई। इस बैठक का उद्देश्य हमले पर पार्टी का रुख स्पष्ट करना और आगे की रणनीति तय करना था। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। प्रमुख नेता मौजूद थे, जिनमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी (कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख), और संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल शामिल थे। पहलगाम घटना के बाद राहुल गांधी ने अपनी अमेरिकी यात्रा रद्द कर आज वापिस पहुंचे। बैठक की शुरुआत में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सीडब्लूसी ने एक प्रस्ताव पारित कर हमले की कड़ी निंदा की। हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत और 20 से अधिक लोगों के घायल होने को कायराना कृत्य करार दिया गया। प्रस्ताव में सरकार से मांग की गई कि वह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करे और आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाए। सीमा पार आतंकवाद पर पाकिस्तान की भूमिका की निंदा की गई और सरकार से कठोर कूटनीतिक कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस ने हमले को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि यह केवल जम्मू-कश्मीर तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश की एकता और अखंडता पर हमला है। पार्टी ने सरकार से सवाल किया कि पहलगाम जैसे पर्यटक स्थल पर इतनी बड़ी सुरक्षा चूक कैसे हुई। खरगे ने कहा कि खुफिया तंत्र को और मजबूत करना होगा। कांग्रेस ने जोर दिया कि केवल सैन्य कार्रवाई पर्याप्त नहीं है; स्थानीय लोगों के साथ संवाद और विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देना जरूरी है। राहुल गांधी ने बैठक में सुझाव दिया कि पार्टी को जम्मू-कश्मीर में अपनी मौजूदगी बढ़ानी चाहिए और स्थानीय युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। कांग्रेस ने फैसला लिया कि वह इस मुद्दे को संसद में और जनता के बीच उठाएगी। पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने का निर्देश दिया। हमले के पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष समिति गठित करने पर विचार हुआ।

सुझाव दिया कि स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को और प्रभावी करना होगा

# सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने दिखाई आतंक के खिलाफ एकता, केंद्र सरकार के हर कदम के साथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए और 20 से अधिक घायल हुए। मारे जाने वालों में 25 भारतीय और 1 नेपाली पर्यटक शामिल थे। इस नृशंस हत्याकांड के बाद कांग्रेस पार्टी ने सर्वदलीय बैठक आहूत किये जाने की मांग केंद्र सरकार से की थी। जिसे सहर्ष स्वीकार कर सर्वदलीय बैठक गुरूवार को आयोजित की गई।

जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। सभी दलों ने एक स्वर में पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह एक कायराना कृत्य है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। खरगे ने सरकार से गंभीर और ठोस कदम उठाने की मांग की। बैठक में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर सहमति बनी। कुछ दलों ने सुझाव दिया कि स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को और प्रभावी करना होगा। बैठक ने सरकार के हालिया कदमों (जैसे वीजा निलंबन, अटारी सीमा बंद) को समर्थन दिया, लेकिन विपक्षी दलों ने सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने बैठक के बाद कहा कि सरकार को केवल कठोर कदम उठाने के बजाय जम्मू-कश्मीर में दीर्घकालिक शांति के लिए काम करना होगा।









## खबर संक्षेप

### घायलों का मुफ्त इलाज कराएंगे मुकेश अंबानी

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरा देश दुखी है। इस हमले में भारतीयों ने अपनी जान गंवाई है।



रिलायंस परिवार ने इस घटना पर गहरा शोक प्रकट किया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने रिलायंस के अस्पताल में मुफ्त इलाज का ऐलान किया है।

### ईडी ने की 'फिटजी' के खिलाफ छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कोचिंग संस्थान 'फिटजी' के



खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई परिसरों पर छापे मारे। पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान करने वाले 'फिटजी' ने हाल में केंद्र अचानक बंद कर दिए थे।

### शूटिंग कर रहे डांसर की डूबने से मौत

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक रितेश देशमुख की फिल्म राजा



शिवाजी की शूटिंग के दौरान एक 26 साल के डांसर सौरभ शर्मा की कृष्णा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम को सतारा जिले के संगम महुली गांव में हुई। पुलिस जांच कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मधुबनी में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

## भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी



*बीते दशक में पंचायतों को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए हैं, पंचायतों को तकनीक के माध्यम से मजबूत किया गया है: प्रधानमंत्री*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में किए गए हमलों में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखने और प्रार्थना करने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के अवसर पर पूरा देश मिथिला और बिहार से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के उद्देश्य से हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बिजली, रेलवे और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ये पहल बिहार में रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी। उन्होंने महान कवि और राष्ट्रीय प्रतीक रामधारी सिंह दिनकर जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने कहा कि "बीते दशक में पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कदम उठाए गए हैं। पंचायतों को मजबूत बनाने में प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले एक दशक में 2 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें इंटरनेट से जुड़ी हैं।" श्री मोदी ने बताया कि गांवों में 5.5 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायतों के डिजिटलीकरण से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र और भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों तक आसान पहुंच जैसे अतिरिक्त लाभ हुए हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के दशकों बाद देश को एक नया संसद भवन मिला है, वहीं देश भर में 30,000 नए पंचायत भवन भी बनाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायतों के लिए पर्याप्त धन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत ने विदेशी राजनयिकों को बताई पहलगाम आतंकी हमले की हकीकत

# विदेश मंत्रालय पहुंचे चीन, अमेरिका, रूस ब्रिटेन समेत दुनिया के कई देशों के राजनयिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हालिया हुए आतंकवादी हमले के बाद एक ओर जहां भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं। वहीं, दूसरी ओर गुरुवार को इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए नई दिल्ली में तैनात दुनियाभर के करीब 30 से 40 देशों के राजनयिकों को एक बैठक कर हमले के बारे में जानकारी दी।

- शाह एवं जयशंकर ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

इधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को सौंपी दो लाल किताबें। सूत्रों ने बताया कि साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय के कार्यालय में चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, जापान, जर्मनी, फ्रांस, इटली, इंडोनेशिया, मलेशिया, ओमान, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय संघ और नार्वे जैसे देशों के राजनयिकों को आमंत्रित कर हमले और उसके बाद भारत द्वारा पाकिस्तान को लेकर उठाए गए तमाम अहम कदमों के बारे में बताया गया।

### सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के भारत के फैसले को कोरा झूठ बताने वाले पाक को मिला करारा जवाब



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को सौंपी दो लाल किताबें

#### आधे घंटे तक चली बैठक

सूत्रों ने बताया कि यह बैठक कुल करीब आधे घंटे तक चली। जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सभी विदेशी राजनयिकों के साथ हमले से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी साझा की। उधर, ईयू देशों के राजनयिकों ने 24 अप्रैल को राजधानी में पहलगाम आतंकी हमले में मारे लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा। नीदरलैंड के राजनयिक ने भी हमले की निंदा करते हुए भारत के प्रति समर्थन जताया।

#### विदेश सचिव के बयान से तसल्ली करे पाक

उधर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के भारत के फैसले पर लगाए गए सवालिया निशान का भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान का यह कहना कि भारत के राजनयिक नोट (डिमॉर्स) में सिंधु जल समझौते के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। यह पूरी तरह से 'भ्रामक' है। क्योंकि पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सार्वजनिक रूप से की गई मीडिया ब्रीफिंग में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए जिन पांच बड़े फैसलों के बारे में बताया था। उनमें सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की जानकारी भी शामिल थी।

#### जापान के पीएम ने जताई संवेदनाएं

दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इस हमले की निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत कर अपने संवेदनाएं प्रकट की हैं। इस सूची में अब जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा, जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला-द्वितीय शामिल हो गए हैं। दोनों शीर्ष नेताओं ने पीएम से बातचीत कर हमले की निंदा की है। इसके अलावा इराक, कुवैत, कतर और जॉर्डन जैसे देशों ने भी पहलगाम आतंकी हमले की सख्त लहजे में आलोचना की है। अरब लीग के नई दिल्ली में तैनात राजदूत ने भी एक बयान जारी कर हमले पर अपना विरोध जताया है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कड़ी शब्दों में इस आतंकी हमले की निंदा की थी।

पाकिस्तान के राजनयिक को तलब किया

## राजनयिक नोट थमाते हुए बताई देश छोड़ने की समय-सीमा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी प्रतिक्रिया के रूप में भारत ने नई दिल्ली में तैनात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद



अहमद वराइच को तलब कर एक राजनयिक नोट (डिमॉर्स) सौंपा है। जिसमें उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक के बाद पाकिस्तान को लेकर लिए गए निर्णयों के बारे में आधिकारिक रूप से जानकारी दे दी गई है। सूत्रों ने बताया कि बीते बुधवार देर रात पाकिस्तानी राजनयिक को विदेश मंत्रालय में तलब कर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

जो पाकिस्तान में हैं, वे भी जल्द स्वदेश लौटें

## अब पाकिस्तानी नागरिकों को नहीं मिलेगा वीजा, निलंबित की सेवाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अब पाकिस्तानी नागरिकों को कोई वीजा नहीं मिलेगा। क्योंकि सरकार ने तत्काल प्रभाव से इससे जुड़ी हुई




तमाम सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया है। साथ ही भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह देते हुए कहा गया है कि वर्तमान समय में जो लोग पाकिस्तान में हैं, वे भी जल्द से जल्द भारत वापस लौट आएं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को जारी किए गए एक बयान में बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ▶▶ शेष पेज 5 पर

पांच दिनों में पाकिस्तानी भारत छोड़ें

## मोदी सरकार के ताबड़तोड़ कड़े फैसलों से तिलमिलाया पाकिस्तान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को कम करने और पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं



को निलंबित करने का कड़ा फैसला लिया है। यह निर्णय मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लिया गया, जिसमें 26 लोग मारे गए और कई घायल हुए। इस हमले के तार सीमा पार आतंकवाद से जुड़े होने के सबूत मिलने के बाद भारत सरकार ने त्वरित और सख्त कदम उठाने के स्पष्ट संकेत दिए हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से ▶▶ शेष पेज 5 पर


## हमले के बीच आज जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर रहेंगे सेना प्रमुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के बीच शुक्रवार सुबह सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। जिसमें वह श्रीनगर, अनंतनाग स्थित सेना की



विक्टर फोर्स के मुख्यालय समेत अन्य जगहों पर जाएंगे। वहां सेना के वरिष्ठ स्थानीय सैन्य कमांडर (सेना की 15वीं कोर के कमांडर, राष्ट्रीय राइफल्स के अधिकारी) सेनाप्रमुख को केंद्रशासित प्रदेश में बने ▶▶ शेष पेज 5 पर



नौसेना ने सूरत युद्धपोत से दागी मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल

## पाकिस्तान सोचता रह गया और भारतीय नौसेना ने मिसाइल परीक्षण कर डाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ताबड़तोड़ एक्शन से पाकिस्तान सकते में है। इसलिए कभी वो भारत के सिंधु जल समझौते को कोरा झूठ बता रहा है तो कभी अरब सागर में मिसाइल टेस्ट को लेकर गाल बजा रहा है। लेकिन इन सबके बीच भारत की नौसेना ने अरब सागर में मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया है। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि उसके स्वदेशी जंगी युद्धपोत आईएनएस



सूरत से एमआरएसएएम मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया है। जो कि नौसेना समेत पूरे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। परीक्षण के दौरान नौसेना ने मिसाइल के जरिए समुद्र की सतह के करीब उड़ने वाले ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करेगी नौसेना

परीक्षण के जरिए नौसेना ने न केवल देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। बल्कि इससे उसकी स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और उनके संचालन की क्षमता भी प्रदर्शित होती है।

**पहलगाम आतंकी हमले पर गरजे पं. प्रदीप मिश्रा**

## अमित शाह को बताया महादेव का अवतार कहा-अब तांडव होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पंडित प्रदीप मिश्रा व्यास पीठ से ही गरज उठे। आंखों में आक्रोश भर पंडित प्रदीप मिश्रा ने देश के गृहमंत्री अमित शाह को शंकर का अवतार बताया और कहा कि वह मौन हैं, शांत हैं पर वह तांडव भी जरुर दिखाएंगे। पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यासपीठ से कहा कि कश्मीर की घाटी पहलगाम में जो घटना हुई है वह दिल को झंझोड़ने वाली है। भारत की भूमि पर हिंदुओं की मौत



कब तक होती रहेगी। कभी बंगाल में हिंदू मारा जाता है तो कभी कश्मीर की घाटी में कपड़े उतारकर देखा जाता है कि हिंदू है और गोली मार दी जाती है। करोगे क्या? कैंडल मार्च निकाल लोगे, पुतले जला लोगे, बनेगी तो नारे लगा लोगे और फिर शांत होकर बैठ जाओगे। मेरा निवेदन है सनातनियों, जाग जाओ, अब मौका है। मैं निवेदन करुंगा हमारे गृहमंत्री अमित शाह का जो इस कलयुग में शंकर के अवतार है, शांत भी रहते हैं, मौन भी रहते हैं और तांडव भी दिखाते हैं। भारत के गृहमंत्री शिव का अवतार हैं और मुझे पूर्ण भरोसा है कि उनकी मौनता, चुपता और बाद में उनका तांडव जरुर देखने को मिलता है। मुझे विश्वास है इन आतंकियों का अंत होना चाहिए। उन्होंने ब्राह्मण नहीं पूछा, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### पटाखा फैक्टरी में आग लगने से एक झुलसा

**नई दिल्ली।** यमुनापार के अंकुर एन्क्लेव में गुरुवार सुबह एक आवासीय इमारत में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में आग लग गई। हादसे में एक व्यक्ति झुलस गया। घटना सुबह करीब 8.43 बजे मेन नाला रोड स्थित मकान संख्या 108 में सामने आई। घायल रिजवान का जीटीबी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार सूचना मिलते ही एक टीम मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। आग बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की इमारतों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मकान मालिक ने ग्राउंड फ्लोर एक कबाड़ व्यापारी को किराए पर दिया था जबकि पहली मंजिल का इस्तेमाल कथित तौर पर पटाखे बनाने के लिए किया जा रहा था। अपराध शाखा और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर आग लगने का कारणों का पता लगाने के लिये नमूने एकत्रित किये हैं।

### भगीरथ पैलेस के इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** भागीरथ पैलेस मार्केट में एक इलेक्ट्रॉनिक सामान के गोदाम में गुरुवार दोपहर आग लग गई। दमकल विभाग की आठ गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के मुताबिक दोपहर 1 बजकर 49 मिनट पर 1860 नंबर की बिल्डिंग में दूसरी मंजिल पर आग लगी थी। देखते ही देखते आग ने पूरे फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। साढ़े तीन बजे आग पर काबू पाया गया। गोदाम में रखा लाखों रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सजावटी सामान राख हो गया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

### महापौर चुनाव को लेकर होने वाली बैठक का बहिष्कार करेगी आपः शैली

नई दिल्ली। पूर्व महापौर शैली ओबेरॉय ने एक प्रेसवार्ता में घोषणा की कि शुक्रवार प्रस्तावित दिल्ली नगर निगम में महापौर व उपमहापौर के चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार करेगी। उन्होंने कहा कि इस बार आप पार्टी महापौर व उपमहापौर के चुनाव में भाग नहीं लेगी। क्योंकि अब दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है। केंद्र व राज्य के अलावा अब एमसीडी में भी भाजपा का बहुमत है। ऐसे में हमें उम्मीद है कि भाजपा जनता से किए अपने सारे वादों को पूरा करेगी और कोई भी बहाना नहीं बनाएगी। इसलिए आम आदमी पार्टी विपक्ष की भूमिका बड़ी रचनात्मक तरीके से निभाएगी और भाजपा को उसकी जवाबदेही तय करेगी। एमसीडी के अधिकारियों पर भाजपा और एलजी साहब का कब्जा है। अब भाजपा पूरी तरह से दिल्ली को संभाले। हम देखना चाहेंगे कि भाजपा दिल्ली की जनता के काम कितने अच्छे तरीके से करेगी और किस प्रकार अपने सारे वादे को पूरा करेगी। इस मौके पर नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि पिछले दो वर्षों में एमसीडी की आप की सरकार ने दिल्ली की जनता के लिए जो भी योजनाएं लेकर आई, उसे भाजपा के दबाव में निगमायुक्त ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया। हम हाउस टैक्स का प्रस्ताव लाए।

### गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच और पूर्व भाजपा सांसद गौतम गंभीर को धमकी भरे ईमेल मिले हैं। दिल्ली पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। बताया गया कि गंभीर को दो धमकी भरे मेल मिले हैं, जिसके संबंध में राजिंदर नगर थाने में शिकायत दर्ज की गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि हमने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गंभीर को यह दोनों धमकी भरे ईमेल एक संदिग्ध जीमेल खाते से 22 अप्रैल को मिले। इसी दिन आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 पर्यटकों को गोली मार दी थी। यह पहली बार नहीं है जब गंभीर को धमकी दी गई है। इससे पहले 2022 में भी उन्हें इसी तरह की धमकियां मिली थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी।

### दोनों ने कई अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की

# कई शोरूम में डकैती और एटीएम चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली से दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी फरवरी और मार्च माह में एटीएम चोरी और 1.8 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन चोरी के मामले में शामिल थे। आरोपियों के नाम फरमान और आसिफ बताये गये हैं। इन्हें दिल्ली और उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया।

डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध दिखाई दिए थे। जांचकर्ताओं ने उन्हें पकड़ने के लिए तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया। गिरफ्तारी के बाद उनके कब्जे से चोरी की गई एटीएम मशीन, एक कार, एटीएम को छिपाने के लिए इस्तेमाल की गई काली पॉलीथीन शीट और चोरी में इस्तेमाल किए गए उपकरण बरामद किए गए हैं। पूछताछ के दौरान दोनों ने कई अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिनमें फरवरी और मार्च में छावला, गाजीपुर और फरीदाबाद में मोबाइल शोरूम में सेंधमारी व डकैती शामिल है। इस दौरान उन्होंने 1.8 करोड़ रुपये मूल्य के फोन चुराए थे। बदमाशों ने गाजीपुर के एक कपड़ा शोरूम में चोरी और द्वारका में एटीएम चोरी के प्रयास की बात भी स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य संदिग्ध राजा और चोरी के फोन लेने वाले व्यक्ति की तलाश अभी जारी है। गिरोह का सरगना फरमान है और उसका 2004 से आपराधिक इतिहास रहा है। आसिफ और अन्य के साथ गिरोह बनाने से पहले वह कोंडली में कबाड़ी था। वह दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी और हथियार उल्लंघन सहित कम से कम 25 मामलों से जुड़ा हुआ है। 2018 में यूपी पुलिस के साथ मुठभेड़ में उसे गोली लगी थी। पूर्व टैक्सी चालक आसिफ को फरमान ने 2014 में गिरोह में शामिल किया था। वह दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हत्या व चोरी सहित पांच मामलों में शामिल पाया गया है। गोविंदपुरी इलाके में 27 मार्च को एटीएम चोरी के मामले की जांच के बाद ये गिरफ्तारियां की गई।



### फार्म हाउस की केयरटेकर से बलात्कार

- अलीपुर थाने में विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया केस

**नई दिल्ली।** आउटर नॉर्थ जिले के स्वरूप नगर में एक फार्म हाउस की केयरटेकर महिला से बलात्कार का मामला प्रकाश में आया है। महिला मूलरूप से बिहार की रहने वाली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार को स्वरूप नगर क्षेत्र में एक फार्महाउस की केयरटेकर ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई की 20 और 21 अप्रैल की मध्यरात्रि को उसके साथ बलात्कार किया गया। महिला की उम्र 37 वर्ष है। शिकायतकर्ता के अनुसार लगभग 2-2:30 बजे जब वह और उसकी 11 वर्षीय बेटी फार्महाउस के बरामदे में सो रही थी, तो उनका पड़ोसी जिसकी उम्र 35 वर्ष थी दीवार फांदकर परिसर में घुस आया। उसने पीड़ित महिला का यौन उत्पीड़न किया और बाद में दीवार फांदकर मौके से भाग गया। शिकायत के बाद पीड़िता का जहांगीरपुरी के बीजेआरएम अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। उसके बयान के आधार पर थाना स्वरूप नगर में धारा 115(2)/333/351/64(1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई। जांच के दौरान मूलरूप से बिहार के रहने वाले आरोपी को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया।

# पूर्व विधायक का 'आप' विधायक पर हमला करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कैंट से दो बार विधायक रह चुके पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने क्षेत्र के मौजूदा 'आप' विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान पर अलीपुर इलाके में एक शादी समारोह में धमकी देने और हमला करने का आरोप लगाया है। यह घटना 20 अप्रैल को पल्ला बख्तावरपुर रोड स्थित ब्रिस्टल फार्महाउस में हुई। शिकायत पर अलीपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2) (जानबूझकर किसी को चोट पहुंचाना), 126(2) (गलत तरीके से रोकना), 351(3) (आपराधिक धमकी) और 3(5) (संयुक्त दायित्व) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि कार्यक्रम स्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह एक शादी में शामिल होने के लिये फार्म हाउस गए थे। उनकी शिकायत के अनुसार दिल्ली कैंट से आम आदमी पार्टी (आप) के मौजूदा विधायक कादियान ने पिछले साल नवंबर में अपने बेटे के खिलाफ दर्ज मामले को लेकर कथित तौर पर उनसे बहस शुरू कर दी। सिंह ने आरोप लगाया कि कादियान ने उन्हें धमकियां दीं और अपने साथियों के साथ मिलकर सार्वजनिक रूप से उन पर हमला किया। आरोपों के संबंध में कादियान या उनके कार्यालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। गौरतलब है कि कादियान के बेटे और उसके तीन दोस्तों के खिलाफ पिछले साल नवंबर में एक युवक पर कथित रूप से हमला करने का मामला दर्ज किया गया था। सुरेंद्र सिंह 2022 में भाजपा में शामिल हो गए थे। वर्ष 2020 में अपने निर्वाचन क्षेत्र से टिकट न मिलने के बाद उन्होंने 'आप' छोड़ दी थी। 'आप' ने उनकी जगह कादियान को इस सीट से उम्मीदवार बनाया था।

**अभियांत्रिकी कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. 09-ENGG-RNY-2025-26।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.1; आइटम का संक्षिप्त विवरण:**-एडीईएन/बरपेटा रोड के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत किमी 260/0-268/4-5 (कुल = 8.45 किमी) पर टीएसआर (पी)। निविदा मूल्य: ₹1,21,56,035.90; धरोहर राशि: ₹2,10,800.00। **ई-निविदाएं** 13-05-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 13-05-2025 को 15:30 बजे मंडल रेलवे प्रबंधक (कार्य), रंगिया के कार्यालय में **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगी।
डीआरएम (कार्य), रंगिया
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पहलगाम आतंकवादी हमले के विरोध में एंटी टैरर एक्शन फोरम ने किया पाकिस्तान उच्चायोग पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एंटी टैरर एक्शन फोरम ने गुरुवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध पाकिस्तान उच्चायोग के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. हर्षवर्धन एवं सतीश उपाध्याय, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, एंटी टैरर एक्शन फोरम के पदाधिकारी, दिल्ली भाजपा के पदाधिकारी, विधायक और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन स्थल पर पहलगाम में शहीद हुए भारतीयों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को तोड़ा जिसके बाद वीरेंद्र सचदेवा सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस डिटेन कर चाणक्यपुरी थाना ले गई जहां से कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हर हिन्दुस्तानी जो भारत से प्यार करता है वह आज गुस्से में हैं और पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों ने जो करतूत की है, उसका जवाब जल्द मिलेगा। जाति, धर्म पूछकर मासूम, निर्दोषों की जान लेने वाले पाकिस्तानियों को उनकी ही भाषा में जवाब देना है। ऊरी हो या फिर पुलवामा, करारा जवाब दिया गया। अब जल्द ही पहलगाम का भी जवाब दिया जाएगा। अभी तो सिर्फ नदी का पानी बंद किया है, वीज़ा रद्द किया है और एम्बेसी में संख्या कम करवाई है लेकिन जल्द ही हम पहलगाम का बदला उन्हीं की भाषा में लेंगे। सचदेवा ने कहा कि हिंदुस्तान के वे सभी 'जयचंद' जो कांग्रेस की भेष में हमें धर्मनिरपेक्षता की पाठ पढ़ाते हैं, जो कश्मीर में हुआ है, अगर इक्कट्ठा नहीं हुए तो कल अपने घर में हो सकता है इसलिए हर हिन्दुस्तानी को इकट्ठा होने की जरूरत है।




### डीटीसी कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर की ड्यूटी



**नई दिल्ली।** पहलगाम नरसंहार के विरोध में गुरुवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बसों के चालकों परिचालकों ने अपनी बाजू पर काली पटटी बांधकर कार्य किया। इसका आह्वान डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने की थी। तड़के यानी सुबह जल्दी ड्यूटी पर पहुंचने वाले डीटीसी कर्मचारियों सहित बस चालकों – परिचालकों ने अपनी बाजू पर काली पटटी पहनी हुई थी। बसों में कार्यरत होमगार्ड व सिविल डिफेंस के कर्मचारियों ने भी बाजू पर काली पटटी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस बारे में यूनियन अध्यक्ष ललित चौधरी व महामंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि इस दुखद घड़ी में डीटीसी के दोनों पालियों में कार्य करने वाले कर्मचारियों ने अपनी बाजू पर काली पटटी बांधकर पहलगाम में हुए नरसंहार का विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने यह हमला भारत पर किया है। संगठन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , पीएम नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह द्वारा उठाए जाने वाले हर कदम का पुरजोर समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में डीटीसी का एक एक कर्मचारी पीड़ित परिवारों व देश के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब डीटीसी बसों में भी आतंकवादियों द्वारा बम धमाके किए जाते थे। जिसके चलते हर बस के अंदर बाहर लिखा होता था कि लावारिस वस्तु बम हो सकती हैं।

## आज दिल्ली बंद, व्यापारियों ने दिखाई एकता, जगह-जगह विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में आज शुक्रवार को दिल्ली बंद रहेगी। विरोध स्वरूप राजधानी के अधिकांश छोटे बड़े थोक व खुदरा बाजार बंद रहेंगे। जबकि अनेक संगठन जंतर मंतर से लेकर जगह जगह विरोध प्रदर्शन करेंगे। गुरुवार को भी दिल्ली में कई जगह पहलगाम के विरोध में प्रदर्शन हुए। बंद का आह्वान दिल्ली व्यापार महासंघ ने किया है जिसके समर्थन में राजधानी के अधिकांश थोक बाजारा उतर गए है। इस बारे में संघ के अध्यक्ष देवराज बवेजा और उपाध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने बताया कि विरोध में शामिल संगठनों में दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्केंटाइल एसो, भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, दिल्ली व्यापार महासंघ, दिल्ली कैनवास मर्चेंट एसो, दिल्ली स्टील टूल्स एण्ड हार्डवेयर ट्रेडर्स एसो, दिल्ली इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसो, दिल्ली इन्वर्स मर्चेंट एसोसिएशन, फेडरेशन आफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन, फोटो ट्रेडर्स एसो, दिल्ली ऑप्टिकल एसो, मैन सदर बाजार ट्रेडर्स एसो,फेडरेशन ऑफ दिल्ली ट्रेडर्स एसो, दिल्ली वेजिटेबल आयल ट्रेडर्स एसो, केमिकल मर्चेन्ट्स एसो, दरीबा ज्वैलर्स एसो, दिल्ली ग्रेन मर्चेन्ट्स एसो, किराना कमेटी, गोटा जरी व्यापार मण्डल, आल इंण्डिया साउंड एण्ड डी. जे. लाईट वेलफेयर एसो, बुलियन मर्चेंट एसो, दरियागंज ट्रेडर्स एसो, न्यू दरियागंज रेजिडेंस एसो, रेफ्रिजरेटर एंड एयर कंडीशनर, राजौरी गार्डन मार्बल डीलर्स एसो, दिल्ली ट्रैक्टर पार्ट ट्रेडर्स एसो, ऑटोमोटिव पार्ट्स मर्चेन्ट्स एसो, मालीवाड़ा ज्वैलर्स एसो, मटिया महल ट्रेडर्स एसो, ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन,अ.प.मा.अ., अजटीब्ल्यूअ, डिप्टी गंज मार्केट एसो, टैंक रोड मार्केट एसो, करोल बाग फैडरेशन, अशोक नगर ट्रेडर्स एसो, एसोसिएशन ऑफ होलसेल रेडीमेड गारमेंट डीलर्स, गांधी नगर, शांति मोहल्ला गांधी नगर, राम बाजार गांधी नगर, सुभाष रोड गांधी नगर, दिल्ली गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन , दिल्ली गुड्स ट्रांसपोर्ट ऑर्गनाइजेशन और कमला मार्केट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सहित अन्य संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि यह हमला देश की अस्मिता पर हमला है, मानवता पर हमला है। यह एकजुटता, दिल्ली बंद का आह्वान उन राष्ट्रविरोधी तत्वों के लिए एक कड़े संदेश के रूप में है जो देश की शांति को भंग करना चाहते हैं। दिल्ली का व्यापारी, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति से संबंध रखता हो, ऐसे बुरे समय में एकजुट है और देश की आत्मा की रक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि हम भारत सरकार को भी यह स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि अब निर्णायक कार्रवाई कीजिए। उन दुश्मनों का समूल नाश कीजिए जो हमारी एकता और शांति पर हमला करते हैं। दिल्ली का व्यापारी समुदाय हर राष्ट्रहित के कदम में सरकार के साथ खड़ा था, खड़ा है और खड़ा रहेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू पुत्र नरेश कुमार निवास मकान नं.-3678, गली जमादार वाली, पहाड़ी धीरज, बाबा हिंदू राव, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 92/2015, भा.द.सं. की धारा 457/380/411 के तहत, थाना सदर बाजार, दिल्ली-06** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 92/2015, भा.द.सं. की धारा 457/380/411 के तहत, थाना सदर बाजार, दिल्ली-06** के उक्त अभियुक्त **राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री गौरव गोयल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-06, कमरा नं. 247**
**DP/5008/N/2025** **केंद्रीय जिला, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **किरण,** पत्नी वारिश, निवासी-मकान नंबर एफ-6/201, एचजीआई लेबर कॉलोनी, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 79/2019 धारा 323/341/506/34 भा.द.स थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किरण** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किरण** फ़रार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **किरण, प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 79/2019 धारा 323/341/506/34 भा.द.स थाना राज पार्क, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 22.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री ईब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर पश्चिम, कमरा नं 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/4892/OD/2025

## उपराज्यपाल ने दी डीडीए बजट वर्ष 2025-26 के लिए 8720 करोड़ रुपये को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- बुनियादी ढांचे के लिए 4140 करोड़ आवंटित, 2024-25 में 3176 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ प्राप्ति

उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की अध्यक्षता में गुरुवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की बैठक हुई। इस बैठक में एलजी ने कई बड़े फैसले लेते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए डीडीए के बजट को मंजूरी देना, लाइसेंस के आधार पर डीडीए की जमीन का निपटान और वाणिज्यिक, औद्योगिक संपत्तियों और बहुस्तरीय पार्किंग के लिए लीज होल्ड से फ्री होल्ड में रूपांतरण शुल्क की गणना के लिए दरें तय करने को हरी झंडी दी। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार प्राधिकरण ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8720 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डीडीए के वार्षिक बजट को मंजूरी दे दी है। जिसमें 8720 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय में से कुल 1.50 करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। पूंजीगत व्यय यानी नागरिक बुनियादी ढांचे के लिए आवंटन 4140 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिसमें विकास योजनाएं, नई सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण, पार्कों का उन्नयन और मौजूदा सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के माध्यम से एक्यूआई में सुधार शामिल हैं। बिना बिके आवास सूची के मुद्रीकरण के लिए अभिनव रूप से नियोजित रणनीति के नेतृत्व में, डीडीए ने वित्त वर्ष 2024-25 में 3176 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ आवास प्राप्तियां दर्ज की हैं, जो कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 2398 करोड़ रुपये की कुल आवास प्राप्तियों से 132 प्रतिशत की सीधी छलांग है। इस प्रकार, घरों व फ्लैटों की बिक्री के कारण बढ़ती गति को बनाए रखने के लिए, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित आवास प्राप्तियां 4000 करोड़ रुपये आंकी गई हैं। एलजी यह सुनिश्चित करने में भी निर्णायक रहे हैं कि डीडीए निरंतर प्रयासों के माध्यम से अपने आवर्ती राजस्व स्रोत तंत्र को बढ़ाएं और मजबूत करे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लाइसेंस शुल्क संग्रह का लक्ष्य 1000 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। यह पिछले वित्तीय वर्षों में डीडीए द्वारा लाइसेंस शुल्क संग्रह की तुलना में काफी अधिक है। आवास प्राप्तियों को बढ़ाने और नियमित आवर्ती राजस्व स्रोतों को मजबूत और व्यवस्थित करने के निरंतर प्रयासों के कारण, अनुमानित जीडीए अधिशेष लगभग 3000 करोड़ रुपये आंका गया है, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में प्राप्त जीडीए अधिशेष 1370 करोड़ रुपये से काफी अधिक है। इसी तरह, कुल अनुमानित प्राप्तियां 9560 करोड़ रुपये के प्रभावशाली आंकड़े पर रखी गई हैं, जो वर्तमान बजट को 840 करोड़ रुपये का अधिशेष बजट बनाती है। जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 372 करोड़ रुपये के अधिशेष बजट की तुलना में बहुत अधिक है। डीडीए का कहना है कि उपराज्यपाल ने क्रमिक वित्तीय बदलाव के लिए डीडीए की सराहना की और इस दिशा में प्रयासों का मार्गदर्शन करने के लिए प्राधिकरण के सदस्यों की सराहना की।

## नालों की सफाई, ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और सड़क सुधार पर सरकार का विशेष फोकस : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का नालों की सफाई, ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और सुधार को लेकर एक्शन मोड पर काम कर रही है। मानसून के दौरान दिल्ली कहीं भी जलभराव जैसी स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए 7 अति-संवेदनशील जलभराव स्थलों की सीधी निगरानी प्रमुख सचिव और इंजीनियर-इन-चीफ द्वारा की जाएगी और अन्य सभी चिन्हित जलभराव बिंदुओं पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और मुख्य सचिव धर्मेंद्र भी मौजूद रहे। इस समीक्षा बैठक के दौरान दिल्ली में जलभराव की स्थिति, नालों की सफाई, ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत और सड़कों की हालत को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के द्वारा पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत 335 जलभराव स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 232 जगहों पर शॉर्ट टर्म वाले कार्य और 52 जगहों पर लॉन्ग टर्म कार्यों को समय से पहले पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही शेष 51 चिन्हित स्थानों पर भी कार्य तेजी से चल रहा है और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इन सभी चिन्हित जलभराव बिंदुओं पर नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके तहत जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर को फील्ड स्तर पर नामित अधिकारी के रूप में ज़िम्मेदारी दी गई है, जबकि एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को इन कार्यों की निगरानी के लिए समीक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बारिश के दौरान कहीं भी पानी भरा तो जिम्मेदार इंजीनियर होगा सस्पेंड : प्रवेश वर्मा

पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने गुरुवार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं यदि किसी भी चिन्हित जलभराव प्वाइंट पर बारिश के दौरान पानी भरता है, तो संबंधित इंजीनियर के खिलाफ सख़्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन भी शामिल होगा। यह आदेश सरकार की उस नीति को दर्शाता है जिसमें हर समस्या का समाधान समयबद्ध और जिम्मेदार लोगों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है। हर प्वाइंट पर प्रोजेक्ट इंजीनियर को ही रिव्यू ऑफिसर नियुक्त किया गया है, जो पूरी लॉजिस्टिक व्यवस्था और निगरानी की रिपोर्ट तैयार करेंगे।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट्स आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बॉटनी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 42/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 04.05.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | जूलॉजी विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 67/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 04.05.2025 (सायंकालीन सत्र) |
| 3. | कैमिस्ट्री विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 43/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 11.05.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 4. | फिजिक्स विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 61/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 11.05.2025 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात **http://hpsc.gov.in** पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 28.04.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 24.04.2025 — **हस्ता/- उप सचिव**
संवाद-1156/13/318/2026/34177/88/7 दि. 24.04.25 — **हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय बहुतकनीकी मण्डी आदमपुर (हिसार) में मकान नं. सी-1 से सी-11 में रिवायरिंग। | 23.04.2025 01.05.2025 | 6.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव पाथरी, जिला पानीपत में राजकीय आईटीआई में आरओ सिस्टम, वाटर कूलर और स्प्लिट एयर कंडीशनर का प्रावधान + 1 कार्य। | 23.04.2025 01.05.2025 | 6.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव वजीरपुरा में टीपीएस पब्लिक स्कूल में विकास कार्य (चारदिवारी)। | 23.04.2025 01.05.2025 | 9.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 sdoprgohana2@gmail.com |
| 4 | महानिदेशक बागवानी हरियाणा पंचकूला | एकीकृत बागवानी प्रबंधन प्रणाली। | 25.04.2025 08.05.2025 | 10 | https://etenders.hry.nic.in | 7988480986 sseithort-hry@nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (3सीएस क्षमता) 2. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (5सीएस क्षमता), 3. डीजल इंजन पम्पिंग सैट (2सीएस क्षमता), 3सीएस ईपी सैट के लिए स्टार्टर (20 एचपी)। | 24.04.2025 08.05.2025 | लाख एन/ए | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2026/100/34187/I/88/7 दि. 24.04.25

### दिल्ली नगर निगम के नांगल ठाकरान वार्ड के कुतुब गढ़ गांव में मिट्टी पर सीमेंट कंक्रीट डाल बना दीं गलियां

# उपराज्यपाल के 'मॉडल गांव' कुतुब गढ में डीसी नरेला जोन के सामने खुली भ्रष्टाचार की पोल

आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के नांगल ठाकरान वार्ड (नरेला जोन) में करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार की पोल बृहस्पतिवार 24 अप्रैल को गांव कुतुब गढ़ में खुल गई। जब यह घोटाला सामने आया तो दिल्ली नगर निगम नरेला जोन के उपायुक्त राकेश कुमार मौके पर मौजूद थे। गांव की नवनिर्मित ज्यादातर गलियां टेंडर शर्तों का सरेआम उल्लंघन कर मिट्टी के ऊपर सीमेंट कंक्रीट डालकर बना दी गई हैं। भ्रष्टाचार में शामिल गठजोड़ पर लालच इस कदर हावी था कि उनको इतनी भी परवाह नहीं थी कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली जिला की बवाना विधानसभा का कुतुबगढ़ गांव दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा बनाया गया पहला 'मॉडल विलेज' है। हरिभूमि ने इस घोटाले का भांड़ाफोड़ करते हुए गत मंगलवार 21 अप्रैल को खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद हडकंप मचा।

### सीमेंट कंक्रीट की खुदाई हुई तो मिली मिट्टी, डीसी नरेला जोन हुए हक्के-बक्के

बृहस्पतिवार 24 अप्रैल की दोपहर को डीसी नरेला जोन राकेश कुमार विभागीय अधिकारियों के साथ कुतुब गढ़ गांव पहुंचे। शिकायतकर्ता आनंद राणा (अध्यक्ष, यूनिटी फॉर डवलपमेंट) ने कुछ दिन पहले बनी सीमेंट कंक्रीट की वे गलियां डीसी नरेला जोन को दिखाई। डीसी राकेश कुमार ने अपने सामने ही नवनिर्मित गली की खुदाई करवाई तो सीमेंट कंक्रीट के नीचे मिट्टी ही मिट्टी मिली। डीसी साहब ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से सवाल किये तो किसी भी अधिकारी के सामने खुलेआम किये गये घोटाले को छुपाने के लिए कोई जवाब नहीं था। टेंडर नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। सीमेंट कंक्रीट की क्वालिटी और मोटाई में भी घपला सामने आया है।

### खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं कुतुब गढ़ गांववासी

कुतुब गढ़ गांववासी इस घोटाले को लेकर आक्रोशित हैं। मॉडल गांव के लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। गांववासियों को उम्मीद है कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना भ्रष्टाचार में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे ताकि भविष्य में कोई भ्रष्ट गठजोड़ विकास कार्यों की धनराशि को लूटने की हिम्मत न जुटा पाये। कुतुब गढ़ गांववासी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस घोटाले की शिकायत भेजेंगे।

*सीमेंट कंक्रीट की क्वालिटी में टेंडर शर्तों की उड़ाई धज्जियां*

*प्रधानमंत्री ग्रामोदय स्कीम के तहत मिला बजट भ्रष्ट तंत्र ने अपनी तिजोरियों में भरा*

*उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कुतुबगढ़ को बनाया था पहला 'मॉडल विलेज'*

*कुतुब गढ निवासी अब हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भजेंगे घोटाले की शिकायत*



एमसीडी नरेला जोन के डीसी राकेश कुमार बृहस्पतिवार को कुतुब गढ़ गांव पहुंचे। निरीक्षण करने के लिए जब नवनिर्मित गली की खुदाई करवाई तो सीमेंट कंक्रीट की परत के नीचे मिट्टी ही मिट्टी मिली। फोटो : हरिभूमि


हरिभूमि
उपराज्यपाल के 'मॉडल गांव' कुतुब गढ़ में भ्रष्ट गठजोड़ बेखौफ, गलियों के निर्माण में धांधली


### एलजी को शिकायत की तो प्रशासन की नींद टूटी



उपराज्यपाल सेक्सना को एक्स/ट्वीटर पर शिकायत भेजने के बाद प्रशासन की नींद टूटी। दिल्ली सरकार के मंत्री तथा बवाना से विधायक रविन्द्र इंदराज ने भी इस मामले में डीएम उत्तर पश्चिम जिला तथा डीसी नरेला जोन को मौके पर जांच करने के निर्देश दिये थे। पीड़ादायक तो ये हैं कि प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के तहत मिले बजट को ही भ्रष्टतंत्र ने अपनी तिजोरियों में भर लिया।

### एलजी की विकास योजनाओं पर पलीता लगा रहा भ्रष्टतंत्र

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जब कुतुब गढ़ को दिल्ली का पहला 'मॉडल विलेज' बनाया तो गांव में खुशी की लहर दौड़ गई थी। एलजी साहब ने गांव में कई बहुत ही शानदार योजनाएं शुरू करवाई। उन्होंने गांव को बेहतर बनाने के लिए कई दौरे भी किये। गांव के लोग बहुत खुश थे। लेकिन भ्रष्टतंत्र ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। अब एलजी साहब तो हर रोज कुतुब गढ़ आने से रहे, यही सोचकर कुछ विकास योजनाओं में भ्रष्टतंत्र दखल देने लगा। नतीजा यह हुआ कि बेखौफ और बेईमान गिरोह ने अब मिट्टी के ऊपर सीमेंट कंक्रीट की परत बिछाकर बड़ा घोटाला कर डाला। अगर गहराई से जांच हुई तो पूरा गिरोह बेनकाब हो सकता है। कुतुब गढ़ के विकास प्रिय और सामाजिक लोगों को उम्मीद है कि उपराज्यपाल साहब इस घोटाले में शामिल उन सभी लोगों को कार्रवाई के घेरे में लेकर आयेंगे जो लूट गिरोह में शामिल थे, और ऐसे लोगों को भी चिन्हित करेंगे जो अधिकारियों पर राजभवन के नजदीक होने का रौब गालिब कर भ्रष्टाचार की नदी में हाथ धो रहे हैं। एलजी साहब ने गांव में अपने कार्यक्रमों के दौरान मंच से कहा था कि विकास कार्य बेहतर हों इसके लिए गांववासी नजर बनाये रखें, कोई भी कमी दिखे तो मुझे सीधे तौर पर शिकायत करें। अब ये अलग बात है कि एलजी साहब की चेतावनी के बावजूद भी भ्रष्टतंत्र भयभीत नहीं हुआ।

## डीटीसी डिपो और टर्मिनलों पर तैनात होंगे जल दूत, लगेंगे डिजिटल वाटर कूलर : पंकज

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत देने के लिए दिल्ली सरकार सभी डीटीसी डिपो और टर्मिनलों पर डिजिटल वाटर कूलर लगाएगी वहीं जल दूतों की तैनाती करेगी। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 10 प्रमुख डिपो पर ये प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। इस बात की जानकारी परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने विभाग की हीट एक्शन प्लान 2025 के तहत तैयारियों की समीक्षा बैठक करने के बाद दी। इस बैठक के दौरान परिवहन विभाग, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), और दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मोडल ट्रांजिट सिस्टम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री पंकज ने कहा कि गर्मियों में शुद्ध और ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराना एक बुनियादी आवश्यकता है। डिपो में वाटर कूलर स्थापित करना हमारे कर्मचारियों और यात्रियों के लिए बढ़ती गर्मी में एक राहत देने वाला कदम है। मंत्री ने कहा कि डीटीसी द्वारा बस स्टॉप्स पर हीटवेव से बचाव की जानकारी देने वाले पोस्टर और पम्पलेट लगाए जाएंगे व बांटे जाएंगे। वहीं मंत्री पंकज ने बताया कि बंद पड़ी डीटीसी बसों को फूड किओस्क में बदला जाएगा। इन किओस्क की शुरुआत में तीन प्रमुख टर्मिनलों आनंद विहार आईएसबीटी, सराय काले खां आईएसबीटी और कश्मीरी गेट आईएसबीटी पर की जाएगी। वहीं मंत्री ने कहा कि आनंद विहार और सराय काले खां टर्मिनलों को अत्याधुनिक मल्टी-मोडल ट्रांजिट हब में बदला जाएगा, जिससे बस, मेट्रो, रेलवे और इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच बेहतरीन कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सकेगी।

## डीटीसी बसों की कमी से चरमराई सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था, भीषण गर्मी में शैल्टर गायब : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार को घेरते हुए आरोप लगाए है कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बसों की लगातार घटती संख्या के चलते लोगों को सार्वजनिक परिवहन सेवा की भारी कमी से परेशानी उठानी पड रही है। यादव ने आरोप लगाए कि इतना ही नहीं राजधानी में यात्रियों के इंतजार के लिए बस क्यू शैल्टरों ही गायब है, ऐसे में भीषण गर्मी व लू की मार से बेहाल यात्री मौसम की मार सहने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि जहां दिल्ली के चुनिंदा जगहों को छोड़ दे तो अधिकांश जगहों पर बने बस क्यू शैल्टरों पर कहीं छत गायब है तो कहीं बैठने के लिए जगह नहीं है तो कहीं पूरे शैल्टर पर अवैध कब्जे हो चुके है। उन्होंने कहा कि ऐसे में मजबूर बस यात्री के पास मौसम की मार सहने के कोई चारा नहीं बचता है। यादव ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार करने की बात दूर है उल्टा भाजपा की दिल्ली सरकार के समय में 2000 से ज्यादा डीटीसी की बसें हटा दी गई है।

विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल, 2025

मलेरिया संक्रमित मादा एनोफ़ेलीज़ मच्छर के काटने से फैलता है।

लक्षण

सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार | सिर दर्द व उल्टियां | बुखार उतरते समय बदन का पसीना-पसीना होना

नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर खून की जांच करवाएं
बुखार होने पर तुरन्त अपने नज़दीकी उप-स्वास्थ्य केन्द्र या किसी भी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान से

जांच व उपचार सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर मुफ्त उपलब्ध
मलेरिया की जांच व उपचार ग्राम स्तर तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मचारी घर-घर जा कर मलेरिया की जांच करते हैं।

14 दिनों का पूर्ण उपचार करवाएं
मलेरिया पाए जाने पर पूर्ण उपचार करवाएं अन्यथा मलेरिया आपको या आपके पड़ोसियों को दोबारा हो सकता है।

जन-जन का हो यह नारा, मलेरिया मुक्त हो प्रदेश हमारा | हमने यह ठाना है, मलेरिया को मिटाना है

स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा
website : www.nhmharyana.gov.in
डायल करो 112 एम्बुलेंस की सेवा लो
Please scan QR Code to visit us
Please Follow us on @nhm.haryana.7 @haryananhm @NHMHRY @nhmharyana6720
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम NVBDCP
हरियाणा सरकार
NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन


Malaria ends with us:
Reinvest, Reimagine, Reignite

कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है।

दूर रखनी है यदि मलेरिया की बीमारी, तो निभानी होगी सबको अपनी जिम्मेदारी

- प्रत्येक रविवार को अपने घर पर सूखा दिवस (Drying Day) मनाएं अर्थात् पानी की टंकियों, कूलर, गमलों के नीचे की प्लेट, हौदी आदि को खाली करें तथा तथा दोबारा पानी भरने से पहले कम से कम 2 घंटे तक धूप में सुखने दें।
- पानी के बर्तनों व टंकियों इत्यादि को पूरी तरह ढक कर रखें ताकि मच्छर उसमें अंडे न दे पाएं। छत पर पड़े मटके, टायर, बोतल तथा अन्य टूटे-फूटे बर्तनों को हटा दें क्योंकि इनमें पानी जमा हो जाता है जिससे मच्छर पनपते हैं।
- अपने आस-पास पानी की नालियों की सफाई सुनिश्चित करें क्योंकि मच्छर इनमें अंडे देते हैं।
- अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी से भरे गड्ढों में मिटट्ी भर दें। यदि यह सम्भव न हो तो खड़े पानी में काला तेल डाल दें।
- मच्छर बाजू और टांगों पर ज्यादा काटते हैं, अत: ऐसे कपड़े पहनें जिससे ये ढकी रहें।
- सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें।



पानी ठहरेगा जहां - मच्छर पनपेगा वहां

**खबर संक्षेप**

### टैक्स बार एसो. ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



**फरीदाबाद।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन फरीदाबाद ने पहलगांव जम्मू कश्मीर में वीभत्स आतंकी घटना में 28 निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में आज जिला उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से मांग की गयी कि हमला करने वाले और उनको पोषण व संरक्षण देने वाले सभी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

### एश्लॉन इंस्टीट्यूट ने छात्रों को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** एशलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने अपने वार्षिक सम्मान समारोह प्रशस्ति 2025 का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम संस्थान के विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने, उनके प्रयासों को सराहने के लिए समर्पित था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेन्द्र कुमार पूर्व निदेशक पीडीयूआईआईसी, जीजेयूएसटी एवं अन्य वरिष्ठ फैकल्टी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

### विदेशियों को ठहराने पर गेस्ट हाउस संचालक धरा



**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 एरिया के एक गेस्ट हाउस में बिना सी फार्म के विदेशी नागरिकों को ठहराने पर पुलिस गेस्ट हाउस संचालक को काबू किया है। गेस्ट हाउस में पुलिस को सूचना दिए बगैर छह जापानी नागरिकों को ठहराया गया था। हालांकि पुलिस को सभी विदेशियों के पासपोर्ट व वीजा वैध मिले। पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक पर केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

### लूट करने के तीसरे आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**फरीदाबाद।** सेक्टर 85 में गाड़ी रुकवाकर मारपीट व लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में आरोपी अश्वनी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने गिरफ्तार किया है। भरत अग्रवाल ने दी शिकायत में आरोप लगाया था कि 21 मार्च रात्रि 1.30 बजे वह सेक्टर 75 से अपने घर की तरफ जा रहा था तभी 3 लड़के बाइक पर सामने से आए और गाड़ी में बैठाकर मारपीट की व उसकी सोने की चैन, कार की चाबी व सोने का कड़ा छीन लिया।

### नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।थाना सारन में नंगला एन्कलेव पार्ट-2, फरीदाबाद की रहने वाली एक महिला ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी नाबालिक बेटी के साथ एक लडक़े ने दुष्कर्म किया है। जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या करने वाले 3 काबू



**फरीदाबाद।** काम से घर लौट रहे व्यक्ति को चाकू मारकर हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। राहुल ने थाना डबुआ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 22 अप्रैल को वह और उसका चाचा मिथुन काम से वापिस आ रहे थे। गाजीपुर मंडी के पास 3 लड़के उनके पास आए। उन्होंने चाचा को पकड़ लिया चाचा ने छुड़ाने की कोशिश की तो मारपीट शुरू कर दी ।

# बाल श्रम रोकने को लेकर सरकार उठा रही व्यापक कदम

300 स्कूली छात्राओं ने हाथों में तख्ती व बैनर लेकर नारे लगाते हुए बाल संरक्षण इकाई कार्यालय तक रैली निकली। छात्राओं ने कहा कि बाल श्रम बंद करो शिक्षा का अधिकार दो, हाथों में औजार नहीं किताबें चाहिए।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ चल रही जागरूकता मुहिम के तहत आज अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में बाल श्रम के खिलाफ सार्वजनिक जागरूकता रैली राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनआईटी-1, मेट्रो मोड़ से निकाली गयी। इस रैली में लगभग 300 स्कूली छात्राओं ने हाथों में तख्ती व बैनर लेकर नारे लगाते हुए बाल संरक्षण इकाई कार्यालय तक रैली निकली। छात्राओं ने बाल श्रम के खिलाफ नारे लगाए कि बाल श्रम बंद करो शिक्षा का अधिकार दो, हाथों में औजार नहीं किताबें चाहिए, शिक्षा से नाता जोड़ो बाल श्रम से नाता तोड़ो कहकर लोगों को बाल श्रम एवं बाल विवाह को रोकने हेतु जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने शिरकत की साथ ही गेस्ट ऑफ ऑनर हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की मेंबर सुमन राणा भी मौजूद रही।

**स्कूली छात्राओं को बाल विवाह न करने की दिलाई शपथ**

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर असर डालता है बाल विवाह**



#### रैली एक प्रेरणादायक कदम

*मेयर ने कहा कि की यह रैली एक प्रेरणादायक कदम है। यदि हम सब मिलकर संकल्प लें कि अपने गांव, मोहल्ले और परिवार में बाल विवाह नहीं होने देंगे, तभी इसका उन्मूलन संभव है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को भी बाधित करता है। यह बच्चों के अधिकारों का हनन है और उनके उज्ज्वल भविष्य में बाधा उत्पन्न करता है।*

## भाजपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नरेंद्र सिंह रैना ने कहा-

# बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से दिए समानता व सामाजिक न्याय के अधिकार

भाजपा जिला फरीदाबाद द्वारा भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नरेन्द्र सिंह रैना ने बाबा साहेब के विचारों व राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नरेन्द्र सिंह रैना ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा में कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक राजनेता या समाज सुधारक ही नहीं थे, बल्कि वह एक विचारक, एक दार्शनिक, एक अर्थशास्त्री एवं एक महान नेता थे और उनके विचार आज भी हमें मार्गदर्शन देते हैं। बाबा साहेब ने दलितों और पिछड़ों के सामाजिक उत्थान के लिए आवाज उठाई। उन्होंने महिलाओं, दलित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए और उन्हें शिक्षा, नौकरी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अधिकार दिलाए। बाबा साहेब के सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों पर चलकर हम आगे बढ रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार कई ऐसी योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ वंचित वर्ग को मिल रहा है। भाजपा की मोदी सरकार सदा बाबा साहेब के आदर्शों और नीतियों पर चली, उनके समानता और सामाजिक न्याय के अधिकार को मानाए धारा 370 को तोडक़र एक देश, एक संविधान लागू किया, जम्मू कश्मीर में जहां आरक्षण नहीं था वहां आरक्षण के अधिकार दिए।



### आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष देशवासियों को दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम से पूर्व 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष देशवासियों को 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और मुख्य वक्ता ी रैना ने कहा धारा 370 के टूटने के बाद कश्मीर जिस तरह फल फूल रहा है, आतंक के आकाओं को सहन नहीं हुआ। देश के हर व्यक्ति को इस आतंकी हमले का दुःख है और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हमला करने का जो दुस्साहस किया है, इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। श्री रैना ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ नाइंसाफी की और उनका अपमान किया। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबा साहेब सरकार में रहें और कांग्रेस ने कभी नहीं चाहा की बाबा साहेब संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन बनें, बाबा साहेब अपनी काबिलियत से संविधान प्रारूप कमेटी के चैयरमैन बने।

#### डॉ. अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन

भाजपा कार्यालय अटल कमल पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नरेन्द्र सिंह रैना ने बाबा साहेब के विचारों व राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, संगठन महामंत्री हरियाणा फणीन्द्र नाथ सरमा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी मौजूद थे।

**अकाउंट में दो करोड़ की मनी लॉड्रिंग का दिखाया भय**

# पुलिस अधिकारी बनकर अरेस्ट वारंट के नाम पर महिला से 1.92 लाख रुपए ठग लिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

अपराध शाखा पूर्व थाना एरिया में पुलिस स्टेशन एरिया में जालसाज ने पुलिस अधिकारी बनकर एक महिला को मनी लॉड्रिंग में संलिप्तता का भय दिखाया और उससे 1,92,600 रुपए ठग लिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में डीएलएफ फेज-3 नाथूपुर में रहने वाली वंदना तरफदार ने कहा कि बीती 30 नवंबर को उसके पास एक कॉल आई। जिसमें बताया कि वह दिल्ली पुलिस हेड क्वार्टर से एसआई अमित बोल रहा है। उसने कहा कि किसी ने उसके आधार कार्ड का मिसयूज कर आईसीआईसीआई बैंक में अकाउंट खुलवाया है। इस अकाउंट में दो करोड़ की मनी लॉड्रिंग का अपराध हुआ है। जिसकी एफआईआर उनके पास दर्ज हुई है और एक बैंक कर्मचारी को अरेस्ट किया हुआ है।

#### वीडियो कॉल के जरिए बैंक खाते वेरीफाई करवाने को कहा





*केस में वंदना के खिलाफ अरेस्ट वॉरंट जारी होने व जेल जाने की बात कही गई। इसके बाद तथाकथित अमित ने एक व्हॉट्स वीडियो कॉल के जरिए वंदना को उसके बैंक खाते वेरीफाई करवाने को कहा। जिससे मनी लॉड्रिंग में हुए लेनदेन का मिलान किया जा सके। महिला ने बताया कि उसके अकाउंट में रुपया नहीं है और एफडी भी प्रीमेच्योर हैं। उसने एफडी तुड़वाने को कहा और आश्वासन दिया कि एफडी का पैसा आरबीआई में जाएगा। घबराई महिला ने एफडी तुड़वाने के साथ अपने अकाउंट संबंधी तमाम जानकारी शेयर कर दी। महिला ने यूजर आईडी व पासवर्ड भी बता दिया और चार बार ओटीपी शेयर किया। इसके बाद वंदना के अकाउंट से चार बार में कुल 1,92,600 रुपए अपने बैंक खातों मे ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए।*

**आरोपियों से 128 मोबाइल बरामद**

# दुकान का शटर काटकर चोरी करने के मामले में गिरफ्तारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने जवाहर कालोनी स्थित रस्तोगी मोबाइल शॉप का शटर काटकर मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से 128 मोबाइल फोन बरामद किये हैं तथा एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हिमांशु रस्तोगी निवासी सेक्टर-22 फरीदाबाद ने थाना सारन में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी जवाहर कॉलोनी में मोबाइल की दुकान है। 11-12 फरवरी की रात को कोई नामालूम दुकान का शटर काटकर काफी संख्या में मोबाइल फोन चोरी कर ले गये। जिसकी शिकायत पर थाना सारन में चोरी की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने कार्यवाही करते हुए पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रविकांत व सूरज से मामले के 36 मोबाइल फोन बरामद किए हैं तथा दिल्ली से चोरी किए गए 92 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

वहीं मामले में आगे कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा की टीम ने एक और आरोपी विपिन निवासी गांव बधान जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश को जैतपुर दिल्ली से गिरफ्तार किया है। जिसने आरोपियों से चोरी का एक मोबाइल फोन खरीदा था। विपिन ने पुछताछ मे बताया कि वह अपने रविकांत व सुरज के साथ चित्रकुट कालोनी गाजियाबाद में किराये के मकान में रह रहा था तथा उसने अपने दोस्त रविकांत व सुरज से चोरी का एक मोबाईल खरीदा था आरोपी से चोरी का फोन बरामद कर लिया गया है।

**समाधान शिविर**

# डीसी ने सुनी समस्याएं, मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

हरियाणा सरकार की पहल पर प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत वीरवार को सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह ने की।डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि यह अभियान मुख्यमंत्री की जन.सेवा, समर्पण और समाधान की सोच को जमीन पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। शिविर में जिला के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। डीसी विक्रम सिंह ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में एक-एक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान हमारी प्राथमिकता है।

**8 सेंटरों पर एक साथ की जा रही कार्रवाई**

# ईडी की गुरुग्राम के फिटजी कोचिंग सेंटर पर छापा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को गुड़गांव के सेक्टर-44 स्थित फिटजी कोचिंग सेंटर पर रेड की। ईडी द्वारा मनी लॉड्रिंग करने के आरोपों में गुरुग्राम, दिल्ली व नोएडा सहित कुल आठ ठिकानों पर एक साथ यह कार्रवाई की जा रही है।फिटजी कोचिंग सेंटर के मालिक डीके गोयल और प्रमोटरों पर कोचिंग के नाम पर वसूले गए रुपयों को निजी फायदे और अन्य कंपनियों में निवेश करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले में गुरुग्राम के अभिभावकों की ओर से भी शिकायत दी गई थी, जबकि नोएडा और दिल्ली में भी एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं।

जनवरी-2025 में फिटजी के कई सेंटर अचानक बंद होने से काफी संख्या में युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया था। अभिभावकों ने आरोप लगाया था कि संस्थान ने पूरे साल की फीस (पांच से छह लाख रुपये) वसूलने के बाद बिना सूचना के सेंटर बंद कर दिए थे। ऐसे में अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों की पढ़ाई रुकने से रोष जताया था। हालांकि ईडी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार की सुबह से ही फिटजी कोचिंग सेंटर पर टीम कार्रवाई कर रही है।

## मासूम शर्मा ने प्रवेश के घर पहुंचकर मांगी माफी

हरियाणवी गायक मासूम शर्मा ने गुरुग्राम में अपने फैन प्रवेश बाघोरिया के घर पहुंचकर उनसे माफी मांगी। मासूम शर्मा ने प्रवेश से मिलकर कहा कि वे प्रवेश को मनाने आये हैं। हम भाई-भाई हैं, और मेरा इरादा उन्हें ठेस पहुंचाने का नहीं था। दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ था जब मासूम शर्मा ने एक स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान प्रवेश को गालियां देकर उनकी बेइज्जती की थी। इस घटना के बाद प्रवेश ने मासूम के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद मामला सुर्खियों में आ गया। विवाद बढ़ता देख मासूम शर्मा ने गुरुग्राम में प्रवेश के घर जाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की। मासूम शर्मा ने प्रवेश से मिलकर कहा कि मैं प्रवेश को मनाने आया हूं। हम भाई-भाई हैं, और मेरा इरादा उन्हें ठेस पहुंचाने का नहीं था। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और कहा कि वह नहीं चाहते कि उनके और उनके फैन के बीच कोई मनमुटाव रहे। इस मुलाकात के दौरान मासूम ने प्रवेश से गले मिलकर सुलह की कोशिश की।प्रवेश बाघोरिया ने बताया कि मासूम की हरकत से उन्हें और उनके परिवार को काफी दुख पहुंचा था। हालांकि, मासूम के माफी मांगने के बाद उन्होंने कहा कि वह इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते।

**एटीएस व पुलिस ने संयुक्त रूप से करवाई में**

# 30 साल से फरार 25 हजार का इनामी सन्दिग्ध आतंकी मंगा काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता)की नोएडा टीम और गाजियाबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए बुधवार की रात में संदिग्ध आतंकवादी मंगत सिंह उर्फ मंगा को गिरफ्तार किया है। उसे गाजियाबाद के विवेकानंद नगर से पकड़ा गया है।

वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) है और पिछले तीस साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 50हजार रुपये का इनाम घोषित था। उत्तर प्रदेश एटीएस के मुताबिक मंगा सिंह के सगे भाई संगत सिंह को पंजाब पुलिस ने व्यास जिले में वर्ष 1990 में मुठभेड़ में मार गिराया था।



#### जमानत पर छूटने के बाद हो गया था फरार

एटीएस अधिकारियों ने बताया कि मंगत सिंह उर्फ मंगा इससे पहले 11 मार्च, 1993 को गिरफ्तार हुआ था। दो साल बाद जमानत पर छूटने के बाद वह फिर फरार हो गया था। वह मूल रूप से पंजाब के अमृतसर जिले के टिममोवाल खिलचियाँ का रहने वाला है। पिछले काफी समय से वह गाजियाबाद के कविनगर के विवेकानन्द नगर में छिपकर रह रहा था। उसके खिलाफ गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना में टाडा के तहत मुकदमा दर्ज था। इसमें ही उसे जेल भेजा गया था जहां से उसे 16 अगस्त 1995 को जमानत मिल गई थी।

**अमृतसर के खिलचियां में छिपकर रहा था।**

**अमृता अस्पताल के साथ साझेदारी**

# हाउसिंग सोसाइटियों के निवासियों को एम्बुलेंस सेवा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

जनकल्याण और स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता के अपने संकल्प को दोहराते हुए बीपीटीपी लिमिटेड ने अमृता अस्पताल फरीदाबाद को दो अत्याधुनिक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस भेंट की हैं। यह एम्बुलैंस गंभीर आपातकाल, सडक़ दुर्घटनाओं और अन्य आपात स्वास्थ्य स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करने में सक्षम हैं। एमओयू के तहत अमृता अस्पताल इन एम्बुलेंसों का संचालन और प्रबंधन करेगा, जिससे 24 घंटे सातों दिन आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

यह पहल फरीदाबाद में आपातकालीन स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और प्रतिक्रिया समय को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ये एम्बुलेंस केवल अस्पताल तक मरीजों के परिवहन हेतु उपयोग की जाएंगी और मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुसार संचालित होंगी। बीपीटीपी के हेड मार्केटिंग कि उदय चावला ने कहा कि निवासियों के कल्याण को बढ़ावा देना बीपीटीपी की प्राथमिकता है। हमारी नई पहल इस सोच की मजबूत मिसाल है। खास बात यह है कि फरीदाबाद की बीपीटीपी हाउसिंग सोसाइटीज के सभी निवासियों के लिए यह एम्बुलेंस सेवा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। अमृता अस्पताल के साथ हमारी साझेदारी यह सुनिश्चित करती है कि जरूरत के समय हर व्यक्ति को त्वरित और जीवनरक्षक सेवा मिले।



#### सेवा भावना की मिसाल है अमृता अस्पताल

*इस मौके पर अमृता अस्पताल के प्रशासनिक निदेशक स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा कि फरीदाबाद में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में बीपीटीपी का यह योगदान सराहनीय है। ये अत्याधुनिक एम्बुलेंस त्वरित सेवा के माध्यम से कई जानें बचाने में सहायक सिद्ध होंगी। अमृता अस्पताल की प्रेरणा मां अमृतानंदमयी देवी अम्मा से मिलती है, जो हमें निःस्वार्थ सेवा को सबसे बड़ा धर्म मानने की सीख देती हैं। यह साझेदारी उसी सेवा भावना की मिसाल है, जिससे हम बीपीटीपी निवासियों को निःशुल्क जीवनरक्षक सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।*

## खबर संक्षेप

### आज घोषित होगा यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं का रिजल्ट

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड 10वीं, 12वीं रिजल्ट 25 अप्रैल 2025 जारी कर दिया जाएगा। करीब 51 लाख से



अधिक छात्रों को इस घड़ी का इंतजार था। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दोनों कक्षाओं बोर्ड परिणाम एक साथ घोषित किए जाएंगे। यूपी बोर्ड ने अब आधिकारिक रूप से परिणाम जारी करने की तारीख और समय की घोषणा कर दी है।

### थाने में एसओ ने युवक को बेल्ट से पीटा

**जौनपुर।** यहां मुंगराबादशाहपुर थाने में युवक की बेल्ट से पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है।



एसओ विनोद मिश्र युवक का हाथ थाने के ही एक खंभे में पकड़वाते हैं। इसके बाद बेल्ट से बर्बरता पूर्वक पिटाई करते हैं। जब युवक गिर गया तो थानाध्यक्ष ने पैर से उसे सिर के पास लगाकर उठाने का प्रयास किया। मामला संज्ञान में आने पर एसपी डॉ.कौस्तुभ ने एसओ विनोद मिश्र को लाइन हाजिर कर दिया है।

### भीषण गर्मी :झारखंड में बदली स्कूलों की टाइमिंग

**रांची।** झारखंड सरकार ने प्रदेश में गर्मी के बढ़ते तेवर को देखते हुए स्कूलों की टाइमिंग बदलने की



घोषणा की है। सरकार से जुड़े अधिकारी ने बताया कि किंडरगार्टन से कक्षा 8 तक के छात्र सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक स्कूल जाएंगे, जबकि बड़ी कक्षाओं के छात्र दोपहर 12 बजे तक पढ़ाई करेंगे। नया समय 26 अप्रैल से अगली सूचना तक लागू रहेगा।

# शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर विकसित की गई है हवाई पट्टी

*शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर एयरफोर्स के विमानों को उतारने की तैयारी है। अभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर इस प्रकार की सुविधा विकसित की गई है। अब गंगा एक्सप्रेसवे पर भी एयरफोर्स के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की योजना पर काम चल रहा है।*

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद क्षेत्र में स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पर तैयार की गई नवनिर्मित हवाई पट्टी पर एयरफोर्स 2 और 3 मई को आपातकालीन लड़ाकू विमान की लैंडिंग का पूर्वाभ्यास करेगी। इसको लेकर एयरफोर्स और जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार स्थल निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। देश में अभी पहलगाम आतंकी हमले के बाद अलग ही माहौल बना हुआ है। हालांकि, एयरफोर्स की ओर से पहले से ही इस पूर्वाभ्यास की तैयारी चल रही है। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में इस एयर स्ट्रिप का प्रयोग हो सकेगा। अभी तक प्रदेश के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर उन्नाव और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सुल्तानपुर में एयर स्ट्रिप बनाया गया है। इस पर एयरफोर्स के विमानों की लैंडिंग भी हो चुकी है।

**आपात स्थिति में गंगा एक्सप्रेसवे पर विमानों को उतारने की तैयारी**



### निर्माण कार्य हुआ पूरा

गंगा एक्सप्रेसवे पर गांव चमरपुर कलां से खंडहर गांव के बीच पांच किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है। इसमें साढ़े तीन किलोमीटर का रनवे शामिल है। 36 मीटर चौड़ी यह हवाई पट्टी सीमेंट और कंक्रीट से बनी है। इसके दोनों ओर 10-10 फुट अतिरिक्त जमीन भी अधिग्रहित की गई है, जिससे आपात स्थिति में वाहनों का संचालन आसान हो सकेगा। 27 अप्रैल से इस एयर स्ट्रिप को एयरफोर्स अपने कंट्रोल में लेकर इस पर लैंडिंग पूर्वाभ्यास की तैयारियों को पूरा कराएगा।

### सड़कों पर लैंडिंग

अभ्यास का उद्देश्य युद्ध या आपदा की स्थिति में सड़कों पर आपातकालीन लैंडिंग की संभावनाओं को परखना है। गंगा एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई करीब 42 किलोमीटर है, जो जिले के 44 गांवों से होकर गुजरता है। एयरफोर्स के एरिया विंग कमांडर एम. गंगोला और अन्य अधिकारी लगातार समीक्षा कर रहे हैं।

### दो बार हो चुका है साइट निरीक्षण

एयरफोर्स के अफसरों ने 11 और 22 अप्रैल को शाहजहांपुर में साइट का निरीक्षण किया। इस दौरान फेंसिंग, सफाई व अन्य तकनीकी कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश निर्माण कंपनी को दिए गए। निर्माण कार्य की निगरानी कर रही कंपनी एचडी इंफ्रा इंजीनियरिंग लि. को 26 अप्रैल तक सभी कार्य पूरे करने को कहा गया है, ताकि 27 अप्रैल से एयरफोर्स क्षेत्र को अपने नियंत्रण में लेकर पूर्वाभ्यास की तैयारी शुरू कर सके।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने कर दिया बड़ा इशारा

# आतंकियों और उनके आकाओं के खिलाफ डबल इंजन सरकार कड़े कदम उठाएगी

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ा जा रहा है और पूरे भारत को इस दुखद घड़ी में पीएम मोदी के नेतृत्व*

एजेंसी ▶▶ कानपुर

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए यूपी के कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के शोकाकुल परिवार से मिलने से सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। शुभम के अंतिम संस्कार की प्रकिया से पहले सीएम योगी यहां पहुंचे और परिवार से मिल उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। सिर्फ यही नहीं.. सीएम योगी ने यहां से आतंकवाद और उनके आकाओं के खिलाफ एक सख्त मैसेज दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत सरकार की आतंकवाद के खिलफ जीरो टॉरलेंस की नीति प्रभावी ढंग से आतंकवाद का खात्मा करेगी। जिन लोगों ने इस आतंकी घटना को अंजाम दिया है, उसके जो परिणाम सामने आएंगे, हर शख्स उसे देखेगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ जब यहां पहुंचे तो हर शख्स यहां पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा रहा था। शुभम के परिवार से मिलने के बाद यूपी के मुखिया ने कहा कि '22 अप्रैल को आतंकियों ने पहलगाम में जो हमला किया है, उसमें कानपुर का एक परिवार भी इसका शिकार हुआ। इस परिवार का नौजवान शुभम द्विवेदी, जिसकी दो महीने ही शादी हुई थी, वह भी इसका शिकार हुआ। पहलगाम के क्रूर, विभत्स, कायरना कृत्य की न केवल देश, बल्कि दुनिया के हर सभ्य समाज ने इसकी निंदा की। यह घटना बताती है कि आतंकवाद अपनी आखिरी सांस ले रहा है।'

**खास बातें**

- आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ रहा भारत
- ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की तैयारी



### पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे

उन्होंने कहा कि 'जिस तरह जाति और धर्म पूछकर बहन-बेटियों के सामने उनके सिंदूर को उजाड़ा गया, उसे कोई सभ्य समाज नहीं स्वीकार कर सकता। भारत में यह कतई स्वीकार्य नहीं है। भारत सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति प्रभावी ढंग से आतंकवाद का निपटारा करेगी। इसके ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की शरुआत हो चुकी है।

### भारत को पीएम मोदी के नेतृत्व पर विश्वास करना चाहिए

सीएम योगी ने कहा कि 'आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ा जा रहा है और पूरे भारत को इस दुखद घड़ी में पीएम मोदी के नेतृत्व पर विश्वास करना चाहिए। उन्होंने कहा -मैंने अभी शुभम के परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात की है। उनके पिता से मेरी कल भी बात हुई थी और रात में ही शुभम की बॉडी यहां पर आई है। अंतिम संस्कार की आगे की प्रकिया पूरी की जाएगी। शुभम परिवार का एकमात्र पुत्र था। परिवार दुखी है। मैं दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करता हूं। परिवार के लोगों के प्रति हमारी संवेदना है।

**शुभम का शर्ट पहनी पत्नी फिर लिपट गई**



### सीएम योगी से बोली- 'मुझे कड़ा बदला चाहिए'

पहलगाम में आतंकियों के आत्मघाती हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही घर से शव यात्रा निकाली गई पत्नी ऐशन्या चीख पड़ीं। पत्नी ने दो दिन से अपने पति की शर्ट पहन रखी थी। उन्होंने वह शर्ट उतारी, उसे सीने से लगाया, फिर फूट-फूटकर रोने लगीं। वहीं, इससे दुख साझा करने के लिए प्रदेश के सीएम योगी ने घरवालों से बात किया था तो पत्नी ने कहा था कि आतंकियों ने मेरे सामने ही मेरे पति को गोली मारी। योगी जी, हमें कड़ा बदला चाहिए।

## मोदी की रैली में इशारा कर नीतीश बोले

# ललन सिंह ने तुड़वाया था भाजपा-जदयू का गठबंधन?



एजेंसी ▶▶ मधुबनी

बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर में गुरुवार को आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बड़ी बात कह दी। अपने संबोधन के दौरान सीएम नीतीश ने कहा कि बीच में हमारी पार्टी ने गड़बड़ कर दी थी। उन्होंने जदयू के पूर्व अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री ललन सिंह की ओर इशारा किया। फिर कहा, यहीं बैठे हुए हैं, इन्हीं से पूछिए। बाद में इनको लगा कि गड़बड़ है उनको (आरजेडी-कांग्रेस) को छोड़ दीजिए।

### पीएम ने बिहार के लिए बहुत कुछ किया

नीतीश ने पहली बार खुले मंच से भाजपा व जदयू के गठबंधन को तोड़ने के लिए किसी नेता को जिम्मेदार ठहराया है। सीएम के संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मंच पर मौजूद थे। नीतीश ने पीएम की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है। गौरतलब है कि नीतीश की पार्टी जदयू ने 2022 में भाजपा से नाता तोड़ लिया और आरजेडी के साथ मिलकर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनाई थी। हालांकि सीएम नीतीश ही बने थे और उनके डिप्टी तेजस्वी यादव रहे। 2022 के सत्ता परिवर्तन के दौरान जदयू की कमान ललन सिंह के हाथों में थी।

### दिसंबर 23 में ललन ने जदयू के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

दिसंबर 2023 में ललन सिंह ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद नीतीश ने एक बार फिर पार्टी की कमान अपने हातों में ले ली। इसके ठीक एक महीने बाद जनवरी 2024 में जदयू का आरजेडी से नाता टूट गया और नीतीश ने एनडीए में वापसी कर बीजेपी के साथ सरकार का गठन किया।

## पेज एक का शेष

### भारतीयों की इच्छाशक्ति....

रही है। उन्होंने कहा, ''पिछले एक दशक में पंचायतों को 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्राप्त हुई है जिसका उपयोग गांवों के विकास के लिए किया गया है।''प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ग्राम पंचायतों के सामने सबसे बड़ी समस्या भूमि विवाद से जुड़ी है। उन्होंने इस बात पर अक्सर असहमति जताई कि कौन-सी भूमि आवासीय है, कृषि योग्य है, पंचायत के स्वामित्व वाली है या सरकारी स्वामित्व वाली है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस समस्या के समाधान के लिए भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे अनावश्यक विवादों को प्रभावी ढंग से हल करने में मदद मिली है।

इस बात पर जोर देते हुए कि सरकार महिलाओं की आय बढ़ाने और रोजगार तथा स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है, श्री मोदी ने बिहार में 'जीविका दीदी' कार्यक्रम के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला, जिसने अनेक महिलाओं के जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को लगभग 1,000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को और मजबूत करेगा और देश भर में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य में योगदान देगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बीते एक दशक में ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने नई गति प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि गांवों में गरीबों के लिए घर, सड़कें, गैस कनेक्शन, पानी के कनेक्शन और शौचालयों का निर्माण हुआ है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों करोड़ रुपये आए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, जिससे मजदूरों, किसानों, वाहन चालकों और दुकानदारों को लाभ हुआ है और उन्हें आय के नए रास्ते मिले हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे विशेष रूप से उन समुदायों को लाभ हुआ है जो पीढ़ियों से वंचित थे।

### राजनयिक नोट...

यह राजनयिक नोट सौंपा। साथ ही उन्हें यह भी स्पष्ट कर दिया कि अब भारत में पाकिस्तान के उच्चायोग में तैनात सैन्य सलाहकारों को 'अवांछित व्यक्ति' (पर्सोना नॉन ग्राटा) घोषित किया गया है। सभी को कुल सात दिनों के अंदर भारत छोड़कर जाना पड़ेगा। बताते चलें की पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 लोग मारे गए। जिनमें 24 भारतीय और 2 नेपाली नागरिक शामिल हैं। हमले के बाद से पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है और प्रत्येक देशवासी सरकार से इस घटना के दोषियों को सख्त सजा देने की मांग कर रहा है।

**हमले से पल्ला झाड़ता पाकिस्तान:** पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद पाकिस्तान ने इससे अपना पल्ला झाड़ते हुए चिंता जाहिर की थी। लेकिन जिस आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का इस हमले में नाम सामने आ रहा है। वह पाक समर्थित लश्करे तैयबा आतंकी संगठन का ही एक छद्म संगठन है और बीते कुछ वर्षों से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। इसका नामकरण पाकिस्तान ने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) द्वारा उस पर लगाई गई सख्त पाबंदियों के बाद किया है। इससे यह साफ हो जाता है कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का ही नापाक हाथ है।

**भारत के फैसलों पर पाक की प्रतिक्रिया:** उधर, पाकिस्तान ने 24 अप्रैल को अपनी सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में भारत के संदर्भ में कई फैसले लिए। जिनमें पाकिस्तान ने कहा कि भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करना युद्ध की कार्रवाई मानी जाएगी। पाक ने भारत के साथ सभी तरह के व्यापार पर रोक लगाने, भारत के लिए पाकिस्तान की हवाई सीमा को बंद करने, इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग में सैन्य सलाहकार के तौर पर तैनात राजनयिकों को वापस भारत भेजा जाएगा और वाघा सीमा बंद करने का शामिल है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक, अगर भारत ने पाकिस्तान की संप्रभुता और हमारी आम जनता के खिलाफ कोई कदम उठाया तो हम उसका करारा जवाब देंगे। बताते चलें कि इस बैठक में पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर भी मौजूद थे। जिन्होंने बीते दिनों एक कार्यक्रम के दौरान भारत के खिलाफ जहर उगला था और उसी के कुछ दिन बाद ही पहलगाम में आतंकी हमला हो गया।

### अब पाकिस्तानी...

की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में लिए गए पांच बड़े फैसलों की सूची में अब यह निर्णय भी शामिल हो गया है। जिसमें भारत ने पाकिस्तान के नागरिकों से जुड़ी हुई तमाम वीजा सुविधाओं को स्थगित कर दिया है। मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों को वर्तमान में जारी किए गए सभी वैध वीजा 27 अप्रैल 2025 से रद्द माने जाएंगे। जबकि उन्हें जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक ही वैध माने जाएंगे।

**वीजा अवधि खत्म होने से पहले छोड़ें भारत:** मंत्रालय ने कहा कि उसके मौजूदा निर्णय यानी पाकिस्तानी नागरिकों के लिए बदली गई वीजा शर्तों के बाद भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को अपनी वीजा अवधि खत्म होने से पहले ही भारत छोड़ना पड़ेगा। इस संबंध में संशोधित तारीखों (27 और 29 अप्रैल 2025) की जानकारी मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक कर दी गई है।

**पाक नागरिकों से जुड़ी वीजा की श्रेणियां:** भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को कई श्रेणियों में वीजा दिया जाता था। जिसमें राजनयिक, गैर-राजनयिक वीजा, आधिकारिक वीजा, यात्री वीजा, व्यवसाय वीजा, पारगमन वीजा, विद्यार्थी वीजा, चिकित्सा वीजा, सम्मेलन वीजा, वीजा ऑन अराइवल मुख्य रूप से शामिल हैं। वहीं, अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से पाकिस्तानी नागरिकों को वर्ष 2013 में 1.11 लाख पर्यटक वीजा दिए गए। इसके अगले वर्ष 2014-15 में 1.72 लाख लोगों को भारत ने वीजा दिया। जबकि वर्ष 2018-19 में लांग टर्म वीजा की बात करें तो 16 हजार 121 पाकिस्तानियों को भारत का वीजा मिला। 2021 में यह संख्या 2 हजार 193 पर थी।

**सीसीएस के पांच बड़े निर्णय:** गौरतलब है कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सीसीएस की बैठक में लिए गए पांच बड़े फैसलों के बारे में बताते हुए कहा था कि भारत ने तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान के साथ 1960 की सिंधु जल संधि स्थगित कर दी है। इसके अलावा एकीकृत चेकपोस्ट अटारी को बंद कर दिया गया है, सार्क वीजा छूट योजना के तहत अब कोई पाक नागरिक भारत की यात्रा नहीं कर सकेगा। इस वीजा के तहत भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़कर जाना पड़ेगा। नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायुसेना सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित कर सप्ताह भर में भारत छोड़ने के निर्देश दिए गए। इसी तरह से भारत ने भी इस्लामाबाद से अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया। दोनों देशों के उच्चायोगों में कर्मचारियों की कुल संख्या 55 से घटाकर 30 कर दी गई है। यह बदलाव 1 मई 2025 से लागू होगा।

### मोदी सरकार ने ....

रद्द कर दिए हैं। मेडिकल वीजा, जो अक्सर मानवीय आधार पर जारी किए जाते हैं, केवल 29 तक वैध रहेंगे। इस तारीख के बाद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ना होगा। अटारी में एकीकृत चेक-पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। केवल 1 मई तक वैध दस्तावेजों वाले लोग इस मार्ग से वापस जा सकते हैं। इस निर्णय के बाद कई पाकिस्तानी परिवार अटारी-वाघा सीमा के रास्ते स्वदेश लौटने के लिए अमृतसर पहुंचे। 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया और उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया गया। दोनों देशों के उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या कम की जाएगी। सार्क वीजा छूट योजना के तहत पाकिस्तानी नागरिक मल्टी-एंट्री वीजा पर भारत आ सकते थे, उसको भी रद्द कर दिया गया। पाकिस्तान में मौजूद भारतीयों को जल्द से जल्द स्वदेश लौटने को कहा गया है। भारतीयों को पाकिस्तान न जाने की सलाह दी गई है। पाकिस्तान ने भारत के कदमों को आक्रामक और अनुचित बताते हुए जवाबी कार्रवाइयों की घोषणा की है, जिसमें व्यापार, वीजा, और समझौतों का निलंबन शामिल है। उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की मांग की है और कश्मीर मुद्दे को फिर से उछालने की कोशिश की है। हालांकि, दोनों देशों के बीच पहले से ही सीमित संपर्क और व्यापार के कारण इन कदमों का तत्काल प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन दीर्घकालिक रूप से यह क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा सकता है। भारत ने स्पष्ट किया है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं करता, तब तक संबंध सामान्य नहीं होंगे।

### हमले के बीच...

हुए मौजूदा सुरक्षा हालात, भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) की स्थिति और सेना की रणनीतिक तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। सूत्रों ने बताया कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी की यह यात्रा एक दिन की होगी। उधर, उधमपुर के बसंतगढ़ में एक संयुक्त अभियान में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना का एक जवान हवलदार जे.अली शेख शहीद हो गया है।

**हमले के बाद सेनाप्रमुख की पहली यात्रा:** पहलगाम आतंकी हमले के बाद यह पहला मौका होगा जब सेनाध्यक्ष जम्मू-कश्मीर की यात्रा करेंगे। बीते दिनों हुए इस हमले में आतंकियों ने कुल 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक भी की थी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों से हाईअलर्ट के साथ देश की सीमाओं की सुरक्षा करने का निर्देश दिया था। साथ ही उन्होंने कहा था कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को चाहे वो परदे के पीछे ही क्यों न छिपे हों। उनका जल्द सफाया किया जाएगा।

**सघन तलाशी अभियान जारी:** सूत्रों ने बताया कि पहलगाम में जिस जगह पर यह आतंकवादी हमला हुआ था। उसके चारों ओर भारतीय सेना की टुकड़ियां आतंकियों की धरपकड़ के लिए सघन तलाशी अभियान चला रही है। जिसमें ड्रोन, खोजी कुत्तों और हेलिकॉप्टरों की मदद ली जा रही है। एक अधिकारी के मुताबिक, यह इलाका चारों ओर बर्फ की ऊंची पहाड़ियों और जंगलों से घिरा हुआ है। जबकि इसके बीच में यानी घाटी में पहलगाम स्थित है। जहां आतंकी हमले की यह वारदात हुई है। अपने अभियान के जरिए हम आतंकियों के भागने के हर रास्ते पर सर्च पार्टी को भेजकर उन्हें जल्द से जल्द दबोचने की कोशिश कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के अंदर और एलओसी पार मौजूद आतंकी कैंपों में आतंकवादियों की संख्या देखें तो कश्मीर घाटी में अभी कुल करीब 130 आतंकी सक्रिय हैं। जिनमें 118 पाकिस्तानी हैं। जबकि एलओसी पार 40 से अधिक आतंकी कैंप मौजूद हैं। जिनमें बड़ी तादाद में आतंकवादी भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं।

### पाकिस्तान सोचता रह ...

एक लक्ष्य पर सटीकता से वार करते हुए उसे नेस्तनाबूद कर दिया। जिससे नौसेना की रणनीतिक क्षमता में कई गुना इजाफा देखने को मिला है। इन सबके बीच वायुसेना सेंट्रल सेक्टर के एक बड़े क्षेत्र में 'आक्रमण' नामक युद्धाभ्यास कर रही है। जिसमें उसके राफेल और सुखोई-30 एमकेआई जैसे लड़ाकू विमान भाग ले रहे हैं। वायुसेना का कहना है कि यह उसका एक नियमित प्रशिक्षण अभ्यास है।

**पाकिस्तान कराची तट से करेगा परीक्षण:** प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान भी अरब सागर के इलाके में ही मिसाइल परीक्षण की योजना बना रहा है। इसके लिए उसने एक अधिसूचना भी जारी की है। यह परीक्षण 24-25 अप्रैल को कराची तट से किया जाएगा। जिसमें मिसाइल सतह से सतह पर मार करने वाली होगी। इस घटनाक्रम को लेकर भारत की सुरक्षा एजेंसियां हाईअलर्ट पर हैं और वह दुश्मन देश की हर गतिविधि पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

### शाह को बताया महादेव...

क्षत्रीय नहीं पूछा, उन्होंने शूद्र नहीं पूछा, उन्होंने तो पूछा यह हिंदू है और मार दी गोली। महिलाओं से बोले तुम्हारे घर में शास्त्र है या नहीं, इससे मतलब नहीं है कि लेकिन अब घर के बेटे बेटियों को शस्त्र चलाना आना चाहिए। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि इतनी दुखद घटना की पूछा जा रहा है कि तू हिंदू है। बंगाल में भी यही हाल है हिंदुओं को घर से निकालकर मारा जा रहा है। संसद भवन में बैठे हुए वह 200 हिंदू सांसद वक्फ बोर्ड के बिल के ऊपर रात भर बहस करते हैं और उन हिंदू सांसदों को काश्मीर की घाटी में ले जाकर सौंप दो।

## अखिलेश यादव बोले-

# सुरक्षा के मामले में केंद्र सरकार के साथ, इस पर राजनीति न करे भाजपा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ हमला बेहद दुखद है। इस मुद्दे पर हम सरकार के साथ हैं। केंद्र की सरकार को आतंकियों की इस हरकत पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा इस हमले से पल्ला नहीं झाड़ सकती है। अगर पहले सबक



लिया गया होता इस तरह की घटना रोकी जा सकती थी। कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता है उनका मकसद केवल दहशत फैलाना होता है। पूरे देश में गुस्सा है। सपा सर्वदलीय बैठक में शामिल होगी और अपना पक्ष रखेगी। सपा की तरफ से बैठक में पार्टी महासचिव रामगोपाल यादव शामिल होंगे। अखिलेश यादव सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रेपोगैंडा पर खर्च होने वाला पैसा देश की सुरक्षा पर खर्च करे। किसी भी दल को ऐसी घटनाओं का राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर मैं फिर से दोहरा रहा हूं कि देश के युवा इसके पक्ष में नहीं हैं। पक्की नौकरी दी जानी चाहिए।

### खुफिया तंत्र हुआ नाकाम


अखिलेश यादव ने कहा कि सुरक्षा के मामले में पूरा देश सरकार के साथ खड़ा है। यह खुफिया तंत्र की नाकामी है। पहले हुई घटनाओं से सबक क्यों नहीं लिया गया।

## बिहार चुनाव पर महागठबंधन की दूसरी बैठक


# पहलगाम हमले पर तेजस्वी बोले- आतंकियों को कड़ा जवाब मिले

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महागठबंधन की दूसरी बैठक गुरुवार 24 अप्रैल को आयोजित की गई। इसमें एक मुख्य कोऑर्डिनेशन कमिटी के अतिरिक्त कुछ अन्य समितियों का गठन करने का फैसला लिया गया। इसके अलावा 4 मई को महागठबंधन के सभी घटक दलों के जिलाध्यक्षों, सांसद, विधायक और एमएलसी की संयुक्त रूप से बैठक बुलाई गई है। मीटिंग में आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी समेत तीनों वाम दलों सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई माले के नेता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने मौन रखकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में दो दिन पहले हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि



अर्पित की। बैठक खत्म होने के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने एजेंडे के बारे में जानकारी दी। कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में सभी विपक्षी दल और पूरे देश एकजुट है। हम चाहते हैं कि आतंकियों को कड़ा जवाब मिले। लेकिन जवाब मौजूदा भारत सरकार को भी देना चाहिए कि कैसे इतना बड़ा हमला हो गया। महागठबंधन की ओर से शुक्रवार 25 अप्रैल को पटना में पहलगाम आतंकी हमले कैंडल मार्च निकाला जाएगा। शाम 7 बजे इनकम टैक्स गोलंबर से डाकबंगला चौराहा तक मार्च निकालकर आतंकी हमले में मृत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।



रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

# आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल

## 5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

**जापान की** टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

## मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

**चीन के** शंघाई शहर में हुआंगपू नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंलीफाइस सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया



टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन में घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

## पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका



**बच्चो, एक** ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

## फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

**बच्चो, अगर** तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्यूशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *



## पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन



**जिस तरह** जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

## अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा



**बच्चो, जिस** तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

## दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

**अमेरिका के** वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती



थीं, जो कार्बनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गई। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

**ब**च्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *



**किताब:** भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिका:** अनुपमा गोरे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

## बूझो तो जानें

1. नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग हैं पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2. खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3. एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1. इंद्रधनुष, 2. नीम, 3. कैलेंडर

## जीके क्विज-151

1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-150 का उत्तर :** 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

**जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले :** राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

---

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

# स्वप्निल का सपना



**स्व**प्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

---

कविता

दिनेश पाठक 'शशि'




## छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

---

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर : 1.सबसे आगे बैठे डॉग की पूंछ मुड़ी हुई है। 2.बाईं तरफ आगे खड़े डॉग का एक अगला पैर मुड़ा हुआ नहीं है, चारों पैर जमीन पर टिके है। 3.बाईं तरफ पीछे बैठे डॉग के सिर से लेकर आंख तक का एक हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 4.पीछे दौड़ रहे डॉग की नाक का अगला हिस्सा अलग तरह का है। 5.चित्र में पीछे दाईं तरफ सूरज चमक रहा है। 6.दाईं तरफ पीछे बैठे डॉग की जीभ अंदर है। 7.दाईं तरफ आगे बैठे डॉग का एक कान नहीं दिख रहा है।

## एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।



## खबर संक्षेप

### 'ई-लर्निंग के दौर में भी कम नहीं होगी पुस्तकों के अध्ययन की प्रासंगिकता'

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पुस्तक दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकों का जीवन में बड़ा महत्व है, पुस्तकें ज्ञान के भंडार के साथ-साथ हमारे लिए अनुभव, संवेदनाओं एवं प्रगति का प्रामाणिक दस्तावेज हैं, जिनके अध्ययन से जीवन को सदैव नई दिशा मिलती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और ई-लर्निंग के दौर में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दूरदर्शिता के अनुसार चिकित्सा और तकनीकी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई राष्ट्रभाषा में संचालित करने का अभियान चलाया है। यह नई पीढ़ी को पुस्तकों से जुड़ाव के लिए प्रेरित करेगा। इससे अध्ययन की प्रासंगिकता बनी रहेगी। डॉ. यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' और मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

### आम आदमी पार्टी का एक मई से प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी अपने संगठन का विस्तार करने के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल के नेतृत्व में एक मई से सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। प्रदेश प्रवक्ता नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक से 15 मई तक शहरी क्षेत्रों में वार्ड एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा से आमजन को अवगत कराकर सदस्यता अभियान चलाएंगी। साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश के लिए एक नंबर जारी किया जाएगा जिससे कोई भी व्यक्ति उस नंबर पर मिस्ड कॉल कर आम आदमी पार्टी का सदस्य बन सकता है। आप का सदस्यता के लिए मिस्ड कॉल के लिए नंबर 30 अप्रैल को रानी अग्रवाल द्वारा जारी किया जाएगा।

---

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल दर पर गेहूं की खरीदी

# गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में मप्र पंजाब और हरियाणा से भी आगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार पूरे देश में सर्वाधिक 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीद रही है, ताकि प्रदेश के गेहूं उत्पादक किसानों को सर्वाधिक लाभ मिले। इस उपार्जन राशि में सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गेहूं उत्पादन एवं उपार्जन के मामले में हम पंजाब और हरियाणा जैसे खाद्यान्न उत्पादक राज्यों से भी आगे हैं।

उन्होंने सभी प्रकार के राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य के सभी राशन कार्ड धारकों को समय पर और बिना किसी कठिनाई के पात्रतानुसार राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

**सीएम ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा में दिए कई निर्देश**

**राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी जल्द से जल्द पूरा कराने के आदेश**



### गेहूं उपार्जन का काम 5 मई तक पूरा कर लें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अवधि 30 अप्रैल तक करें। इस अवधि तक बुकिंग कराने वाले सभी किसानों से गेहूं उपार्जन का समस्त कार्य 5 मई तक हर हाल में पूरा किया जाए।

### पात्र लोगों को राशन पाने में न हो कोई समस्या, अधिकारी तत्परता से करें काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशन पाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं खासकर खाद्यान्न वितरण, उज्ज्वला गैस योजना की सब्सिडी वितरण और घर-घर घरेलू गैस पाइप लाइन डालने का काम पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ किए जाएं। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस की पाइप लाइन डालने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मक्का, कोदो-कुटकी जैसे श्रीअन्न भी स्व-सहायता समूह एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को दिए जाएं, ताकि इनकी मांग (खपत) में वृद्धि हो और श्रीअन्न पैदा करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिले।

### हेरा-फेरी पर अंकुश के लिए क्यूआर कोड लगाएंगे

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बैठक में बताया कि गोदामों में खाद्यान्न स्कंध की हेरा-फेरी पर अंकुश लगाने के लिए अब खाद्य विभाग द्वारा खाद्यान्नों के सभी बारदानों (बोरों) में क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इसी तरह एमपी वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधीन सभी वेयरहाउस को भी क्यूआर कोडयुक्त किया जा रहा है। इनमें सीसीटीव्ही कैमरे भी लगवाए जाएंगे। खाद्यान्न वितरण, शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर नजर रखने एवं फूड-स्टॉकिंग के सभी कामों की मुख्यालय से निगरानी के लिए भोपाल में एक कंट्रोल कमांड सेंटर भी बनाया जा रहा है। राजपूत ने बताया कि उपार्जित स्कंध की साफ-सफाई के लिए उपार्जन केन्द्रों पर मैकेनाइज्ड क्लीनिंग मशीनों की स्थापना की गई है।

---



### डीपीजी आईटीएम कॉलेज की असि प्रो. इंदू बाला ने धनखड़ यूपीएससी में हासिल की 541वीं रैंक

**गुरुग्राम।** सेक्टर 34 में स्थित डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर इंदू बाला धनखड़ द्वारा यूपीएससी परीक्षा 541वीं रैंक के साथ पास करने पर कॉलेज परिवार व समस्त हरियाणा वासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संस्था के चेयरमैन एवं पूर्व डिप्टी स्पीकर श्री गोपीचंद गहलोत एवं जनरल सेक्रेटरी श्री सुरेन्द्र गहलोत के साथ कॉलेज की एमडी डॉ प्रीति गहलोत, डायरेक्टर प्रो. आरसी कुहाड़, रजिस्ट्रार टीआर नरूला आदि ने असिस्टेंट प्रोफेसर इंदू बाला धनखड़ को आईएएस अफसर के तौर पर उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि श्रीमती इंदू बाला धनखड़ हमारे कॉलेज के स्टॉफ और विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। इंदू बाला हरियाणा के एक गांव करौंधा की बहू और महेन्द्रगढ़ के गांव सिहोल की बेटी हैं। इससे पहले इंदू बाला ने दो बार साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी की थी लेकिन उन्हें सफलता तीसरी बार में प्राप्त हुई। उनकी इस सफलता से डीपीजी आईटीएम कॉलेज का स्टॉफ और परिवार बहुत खुश है। इंदू बाला ने एक निजी कंपनी में प्लेसमेंट जॉब के रूप में मिली 17 लाख रूपये की नौकरी केवल इसलिए छोड़ दी क्योंकि उनका सपना सिविल सेवा में जाने का था। इंदू बाला धनखड़ के पति यश धनखड़ एक निजी कंपनी में बतौर प्रोजेक्ट लीडर हैं और उनकी सास श्रीमती राजेश धनखड़ एमडी यूनिवर्सिटी में पर्यावरण विज्ञान की प्रोफेसर हैं। डॉ राजेश धनखड़ ने बताया कि बहू इंदू के बुलंद इरादे जानकर बहू के हाथ की रोटी खाने के बजाय उन्होंने खुद रसोई संभाली और बहू को पढाई के अलावा कोई और काम नहीं करने दिया।

---

#### गांवों में आएगी डिजिटल क्रांति, सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

# सीएम ने किया अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के खास मौके पर शुरू हुई इस योजना से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति आएगी और प्रदेश के सरकारी सेवाओं और योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुगम होगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश के 11 हजार 693 ग्राम पंचायतों में मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से जल संरक्षण का आह्वान करते हुए शपथ दिलाई।



मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतें हमारे लोकतंत्र की जड़ें हैं और इन्हें मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक न जाना पड़े। आज मोदी की इस गारंटी को पूरा करते हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग पेंशनधारी, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताएं बहनें, अन्नदाता किसानों को पीएम किसान निधि समेत डीबीटी से प्राप्त राशि के आहरण की सुविधा अब गांव में ही मिलने लगेगी। सीएम साय ने कहा कि ग्रामीणों को अब लंबी दूरी तय कर बैंक नहीं जाना पड़ेगा और समय के साथ-साथ उनके आने-जाने में खर्च होने वाली राशि की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड जैसी सरकारी सेवाएं भी ग्रामीणों के लिए आसान और सुगम हो जाएंगी।

### अधिकारी-कर्मचारियों की तबादला नीति से किसी को फायदा, कोई उठाएगा नुकसान विशेष प्रतिनिधि

**भोपाल।** लगभग ढाई साल बाद प्रदेश के सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए तबादलों से प्रतिबंध हटने वाला है। सरकार ने तबादला नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है। इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार राज्य मंत्रिमंडल की अगली बैठक में इस तबादला नीति को मंजूरी दी जा सकती है। इसके बाद 1 से 30 मई के मध्य अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले किए जा सकेंगे। नीति के अनसार किसी भी विभाग में अधिकतम 10 फीसदी सरकारी अमले के ही तबादले होंगे। साफ है कि हर कोई तबादला नहीं करा सकेगा।


### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|---|
| *09003 | मुंबई सेंट्रल–दिल्ली जं. | मंगल, शुक्र | 06.05.2025 | 09.05.25 से 27.06.25 =15 फेरे |
| *09004 | दिल्ली जं.–मुंबई सेंट्रल | बुध, शनि | 07.05.2025 | 10.05.25 से 28.06.25 =15 फेरे |
| *09425 | साबरमती बीजी–हरिद्वार | वीर, रवि | 04.05.2025 | 08.05.25 से 29.06.25 =16 फेरे |
| *09426 | हरिद्वार–साबरमती बीजी | शुक्र, सोम | 05.05.2025 | 09.05.25 से 30.06.25 =16 फेरे |
| 03311 | धनबाद–चंडीगढ़ | मंगल, शुक्र | 22.04.2025 | 25.04.25 से 27.06.25 =19 फेरे |
| 03312 | चंडीगढ़–धनबाद | वीर, रवि | 24.04.2025 | 27.04.25 से 29.06.25 =19 फेरे |

*रेलगाड़ी सं. **09003 मुंबई सेंट्रल** से दिनांक **09.05.2025** और **09004 दिल्ली जं. से** दिनांक **10.05.2025** का परिवर्तित समय निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. 09003 मुंबई सेंट्रल–दिल्ली जं. | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09004 दिल्ली जं.–मुंबई सेंट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 03:40 | 03:50 | जयपुर | 18:20 | 18:30 |
| 04:01 | 04:04 | गांधी नगर जयपुर | 17:45 | 17:48 |

*रेलगाड़ी सं. **09425 साबरमती बीजी** से दिनांक **08.05.2025** और **09426 हरिद्वार से** दिनांक **09.05.2025** का परिवर्तित समय निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. 09425 साबरमती बीजी–हरिद्वार | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09426 हरिद्वार–साबरमती बीजी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 03:40 | 03:50 | जयपुर | 11:00 | 11:10 |
| 04:01 | 04:04 | गांधी नगर जयपुर | 10:30 | 10:35 |

नोटः शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
1224/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


---

# आतंकी हमले में मारे गए दिनेश को बेटे शौर्य ने दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए दिनेश मीरानिया का गुरुवार को रायपुर स्थित मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

कारोबारी के बेटे शौर्य मीरानिया ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। मीरानिया को श्रद्धांजलि देने के लिए रायपुर समेत सभी जिलों के लोग उनके निवास समता कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस मामले में केंद्र सरकार को और भी सख्त एक्शन लेना चाहिए। उनकी अंतिम यात्रा समता कॉलोनी स्थित निवास से शुरू होकर मारवाड़ी श्मशान घाट तक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भाजपा ने आज और कल के सभी अपने कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता मारवाड़ी श्मशान घाट में पहुंचकर के दिनेश मीरानिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा के गृह मंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि इस मामले में और भी सख्त उठाया जाएगा।



### अबूझमाड़ में आईटीबीपी का नया कैंप स्थापित

**जगदलपुर।** कोंडागांव जिले के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों की रणनीति लगातार बढ़ती जा रही है। इसी तारतम्य में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने नारायणपुर जिले के नक्सल प्रभावित गांव नेलांगुर गांव में एक नया कैंप स्थापित कर अपनी मौजूदगी को और मजबूत कर लिया है। इस नए कैंप के साथ माड़ क्षेत्रों में आईटीबीपी द्वारा स्थापित कैंपों की संख्या जनवरी 2025 से अब तक कुल पांच हो चुकी है। माड़ क्षेत्र को वर्षों से नक्सलियों का सुरक्षित गढ़ माना जाता रहा है।

---

#### छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा के जंगल में चल रही मुठभेड़

# करेगुट्टा के जंगल में मुठभेड़ में तीन नक्सलियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर बीजापुर जिले के करेगुट्टा के जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। सुरक्षा बलों ने 3 दिन पहले सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक शुरू किया था। तलाशी अभियान और मुठभेड़ जारी है। जानकारी के मुताबिक, करेगुट्टा की पहाड़ियों पर रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। नक्सली लीडर हिड़मा, देवा समेत कई बड़े नक्सली लीडर्स की मौजूदगी की सूचना पर ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया गया। पिछले 72 घंटे से भी अधिक समय से पहाड़ी को जवानों ने चारों ओर से घेर रखा है। कुछ दिन पहले नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर इस इलाके में बड़ी संख्या में आईईडी लगाए जाने की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को पहाड़ी में ना आने की जानकारी दी थी। पहाड़ियों में सैकड़ों सीरियल आईईडी लगे होने की सूचना है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा से यह इलाका लगा हुआ है। ऑपरेशन में डीआरजी बस्तर फाइटर कोबरा सीआरपीएफ और एसटीएफ़ के जवान शामिल हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ऑपरेशन पल-पल का अपडेट ले रहे हैं। एडीजी विवेकानंद सिन्हा सीआरपीएफ आईजी राकेश अग्रवाल व बस्तर आईजी पी. सुंदरराज मॉनिटरिंग कर रहे हैं।



---

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

# ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध होंगे कुटीर और ग्रामोद्योग उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुटीर एवं ग्रामोद्योग, औद्योगिकरण की सबसे छोटी इकाई हैं। इसमें ग्राम स्तर तक लोगों को उद्यमिता और उत्पादन से जोड़ा जा सकता है। क्षेत्रवार गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उज्जैन, महेश्वर, चंदेरी, भोपाल, ग्वालियर आदि की हस्तशिल्प कला और हथकरघा से निर्मित सामग्री की बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग सुनिश्चित की जाए। कुटीर और ग्राम स्तर पर गतिविधियों का विस्तार करते हुए उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में कुटीर एवं



ग्रामोद्योग विभाग की बैठक कर गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि ग्राम और परिवार स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण, मार्केट लिंकेज और बेहतर प्रस्तुतिकरण के लिए कार्य योजना बनाई जाए। विभाग, स्वयं सामग्री का उत्पादन करने के स्थान पर निजी स्तर पर संचालित गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान करने की नीति अपनाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि मां अहिल्या देवी की 300वीं जयंती पर महेश्वर किले में उकेरे डिजाइनों और पैटर्नों को साड़ियों पर उकेर कर मां अहिल्या देवी के नाम से साड़ियों का नया कलेक्शन जारी किया जाएगा। प्रदेश में रेशम केंद्रों को सिल्क टूरिज्म के रूप में विकसित करना भी प्रस्तावित है। बुरहानपुर में परम्परागत रूप से चली आ रही रेशम और खादी की गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए 10 लूम और 50 चरखों की व्यवस्था की जा रही है।


### रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा पहले से घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

**रेलगाड़ी सं. 04606/04605 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (आरक्षित) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04606 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04605 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | ---- |
| 19:10 | ---- | गुवाहाटी | ---- | 23:20 |

चलने के दिन : **04606 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 02.05.2025 से 30.05.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और **04605 गुवाहाटी** से दिनांक 05.05.2025 से 02.06.2025 (प्रत्येक सोमवार) को।

ठहरावः शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, यमुनानगर, जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, हाजीपुर, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी जं., न्यू कोच बिहार, न्यू बोंगईगांव, गोवालपारा टाउन एवं कामाख्या स्टेशन।

स्थानः शयनयान (आरक्षित)

**रेलगाड़ी सं. 04610/04609 जम्मू तवी-वाराणसी-जम्मू तवी सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (आरक्षित) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04610 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04609 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:20 | जम्मू तवी | 07:45 | ---- |
| 05:10 | ---- | वाराणसी | ---- | 09:00 |

चलने के दिन : **04610 जम्मू तवी** से दिनांक 08.05.2025 से 10.07.2025 तक (प्रत्येक वीरवार) को और **04609 वाराणसी** से दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) को।

ठहरावः पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन।

स्थानः 3 टियर वाता. (आरक्षित)

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

**रेलगाड़ी सं. 04304/04303 योग नगरी ऋषिकेश-गोरखपुर-योग नगरी ऋषिकेश विशेष एक्सप्रेस (आरक्षित) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04304 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04303 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | ---- |
| 06:20 | ---- | गोरखपुर | ---- | 09:00 |

चलने के दिन : **04304 योग नगरी ऋषिकेश** से दिनांक 10.05.2025 से 12.07.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) को और **04303 गोरखपुर** से दिनांक 11.05.2025 से 13.07.2025 (प्रत्येक रविवार) को।

ठहरावः हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

स्थानः शयनयान एवं सामान्य (आरक्षित)

**रेलगाड़ी सं. 04026/04025 दिल्ली जं.-रक्सौल जं.-दिल्ली जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (आरक्षित) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04026 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04025 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:05 | दिल्ली जं. | 17:45 | ---- |
| 19:00 | ---- | रक्सौल जं. | ---- | 22:00 |

चलने के दिन : **04026 दिल्ली जं.** से दिनांक 08.05.2025 से 10.07.2025 तक (प्रत्येक वीरवार) को और **04025 रक्सौल जं.** से दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) को।

ठहरावः गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं स्टेशन।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनामी, शयनयान एवं सामान्य (आरक्षित)

**रेलगाड़ी सं. 04022/04021 नई दिल्ली जं.-गोरखपुर-नई दिल्ली त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (आरक्षित) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04022 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | ---- |
| 05:00 | ---- | गोरखपुर | ---- | 07:00 |

चलने के दिन : **04022 नई दिल्ली** से दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को और **04021 गोरखपुर** से दिनांक 10.05.2025 से 12.07.2025 (प्रत्येक शनिवार) को।

ठहरावः गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., बाराबंकी, घोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य (आरक्षित)

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1223/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ कठोर से कठोरतम एक्शन जरूरी

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से देश आक्रोशित है और देशवासी हमले के गुनहगारों को जल्द से जल्द सख्त सजा चाहते हैं। सरकार हमले के तुरंत बाद से कह रही है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशावासियों को भरोसा दिलाया है कि पहलगाम आतंकी हमले में शामिल सभी आतंकवादियों और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। दरअसल, पहलगाम में आतंकवादी हमला केवल निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, बल्कि यह देश की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस है। इसलिए, इसका कठोर सबक सिखाया जाना चाहिए। यूं तो, यह पहली बार नहीं है जब इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है, अतीत में दर्जनों ऐसे बड़े आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें बेकसूर नागरिकों की जान गई है। सुरक्षा बलों ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया है, लेकिन जवाब काफी साबित नहीं हो रहा है। वक्त कुछ ठोस और बड़ा करने का है। आतंकवाद, आतंकी गुट और आतंकियों के खिलाफ उसके खात्मे तक सतत एक्शन चलते रहना चाहिए। आतंकवाद प्रभावित जम्मू-कश्मीर क्षेत्र की सीमाओं को हर हाल में फुलप्रूफ और सुरक्षित बनाना होगा, जिसमें परिंदा भी पर न मार सके। इजराइल की तरह हमें अपने एलओसी व अंतरराष्ट्रीय सीमा की लेजर व रडार बाड़बंदी करनी चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश के अंदर इतना गुस्सा है कि लोग बात कम और एक्शन अधिक चाहते हैं। हमारी सेना हर स्तर पर माकूल जवाब देने में सक्षम है, नेतृत्व को आगे बढ़ने की जरूरत है। पहलगाम में हमलावर आतंकी के साथ-साथ इसकी साजिश रचने वालों को बेनकाब कर करारा जवाब दिए जाने की त्वरित आवश्यकता है। सर्वदलीय बैठक के बाद सभी विपक्षी दल सरकार के साथ हैं। अभी फौरी तौर पर बेशक सरकार ने अटारी बोर्डर बंद करने, सिंधु जल समझौते को निलंबित करने, पाक के नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने के निर्देश देने, मेडिकल वीजा पर भी रोक जैसे अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन बड़ा सवाल है कि हमलावर आतंकियों को अभी तक पकड़ा नहीं गया है। विश्व के लगभग सभी प्रमुख देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है और भारत के साथ खड़े होने की बात कही है, लेकिन बड़ी बात यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत को विश्व जनमत के साथ अपने स्तर पर ही कठोरता से लड़ना होगा। आतंकी गुट हमास के हमले का इजराइल ने कैसे कड़ाई से जवाब दिया है, वो उदाहरण दुनिया के सामने है। आज आतंकवाद वैश्विक समस्या है, इसके खिलाफ विश्व को एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। भारत ने हमेशा विश्व को समझाया है कि आतंकवाद ग्लोबल मुद्दा है और आतंकवाद को शह देने वालों को बेनकाब व अलग-थलग करने की जरूरत है। इस दिशा में भारत ने आतंकवाद को पालने पोसने वाले पाकिस्तान को अलग-थलग करने का पूरा प्रयास किया है। पहलगाम हमले के गुनहगारों को ढूंढकर अंजाम तक पहुंचाना होगा। सरकार ने जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद पर लगाम लगाने में बहुत हद तक सफलता पाई है, लेकिन इसे पूर्ण रूप से खत्म करने की जरूरत है। पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के पूर्ण खात्मे का संकल्प व उस दिशा में हर स्तर पर एक्शन जरूरी है। सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की कृषि अर्थव्यवस्था पर तगड़ी मार पड़ेगी, पर और भी कठोर कदम उठाया जाना चाहिए।

# हिंदुओं पर बढ़ रही सामुदायिक हिंसा



## असुरक्षा
प्रभुनाथ शुक्ल

> आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गई हैं।

भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है, लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले बढ़ गए। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रही हैं। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है।

भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है, लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है लेकिन हाल के वर्षों में राजनीतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया, वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उकसाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बाद पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूछ कर नरसंहार किया गया।

यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है, क्योंकि वह भारत से सीधी जंग में कभी नहीं जीत सकता है। ऐसी स्थिति में वह हिंदुओं को निशाना बनाकर भारतीय मुसलमानों का मसीहा बनना चाहता है और कश्मीर में अलगाववाद की नींव और मजबूत करना चाहता है। खैबरपखतून में बलोच आर्मी की तरफ से किए ट्रेन हाईजैक के पीछे वह भारत का हाथ मानता है जिसकी वजह से वह बौखलाया था और बदले के लिए बेताब था। लेकिन वह जो कर रहा है उसकी भरपाई उसे करनी होगी। कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद कश्मीर आहिस्ता-आहिस्ता विकास की मुख्यधारा में लौट रहा है। आतंकी घटनाएं कम हुई हैं। पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। सेबों की खेती लहलहाने लगी है। यह सब देख पाकिस्तानी फ़ौज में बौखलाहट है जिसकी वजह से वह इस तरह की सामुदायिक हिंसा की साजिश रच रहा है। कश्मीर में सामुदायिक हिंसा की यह पहली घटना नहीं है। आतंकवादियों ने पुलवामा जैसी घटनाओं को अंजाम दिया है। कश्मीर में साल 2019 के बाद धारा 370 लागू होने के बाद यह पहली सबसे बड़ी आतंकी नरसंहार की घटना है। दूसरा अहम कारण, कश्मीर के राजनीतिक और अलगाववादी कभी शान्ति और विकास नहीं चाहते क्योंकि धारा 370 खत्म होने के बाद उनकी तमाम स्वतंत्रता जहां बाधित हुईं वहीं आर्थिक नुकसान हुआ है।



वहां के राजनेताओं और अलगाववादियों का पाकिस्तान प्रेम दुनिया में जगजाहिर है। इसके बावजूद धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक कानून और वक्फ संशोधन जैसे राजनीतिक फैसलों ने इस आग में घी का काम किया है। हालांकि यह सिर्फ अलगाववादियों की सोच है। पहलगाम में हिंदुओं के साथ विदेशी नागरिक और सेना में कार्यरत जवान की भी मौत हुईं है। शादी के बाद हनीमून मनाने गया युगल भी निर्मम आतंकी साजिश का शिकार हुआ है। नरसंहार के बाद भारतीय सेना के लोगों के पहुंचने के बाद भी लोग इतने दहशत में थे कि उन्हें भी आतंकी समझ लिया।

इस घटना में केंद्र और राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। जब वहां काफी तादाद में पर्यटकों की आमद हो रही थी तो पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सेना और राज्य पुलिस के जवानों की तैनाती क्यों नहीं की गईं। कियानी के विभाजनकारी संदेश को हमारी सरकार, ख़ुफिया एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसिया नहीं समझ पाईं। ऐसे संवेदनशील पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम होने चाहिए थे। क्योंकि यह इलाका काफी ऊंचाई पर है जहां का प्राकृतिक लुत्फ़ उठाने के लिए भारी तादाद में देशी- विदेशी पर्यटक आ रहे थे। यह इलाका एलओसी से सटा है और प्राकृतिक जाटिलताओं से भरा है। ऊंचे पहाड़, नदियां, घने -जंगल, देवदार और चीड़ के पेड़ यहां की प्राकृतिक सुंदरता को और बढ़ाते हैं। यहां की संवेदनशीलता को देखते हुए अगर हमारी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क होती तो निश्चित रूप से इस नरसंहार से बचा जा सकता था। राज्य में इस तरह की घटनाएं पर्यटन उद्योग और उसकी संभावनाओं पर पानी फेरती हैं। हम अपनी चूक और नाकामियों से नहीं बच सकते। यह गंभीर मंथन का विषय है। कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर हमें सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखना होगा।

भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह हमला भारत की आत्मा पर है। सारा देश गुस्से में है। रणनीति बनाकर पाकिस्तान और आतंकवाद को सबक सिखाने की जरूरत है। कश्मीर के पूर्व बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन कानून के विरोध में हिंदुओं को जिस तरह निशाना बनाया गया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके अलावा रामनवमी जुलूस पर महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से हिंदुओं पर हमले हुए। उत्तर प्रदेश में संभल किसी से छुपा नहीं है। वहां किस तरह हिंदुओं का उत्पीड़न हुआ, उसे कौन नहीं जानता। हिंसक हमलों में उनकी संपत्तियों और मंदिरों को नष्ट किया गया। हालांकि मुस्लिम इलाकों में भी हिंदू अतिवाद का स्वरूप देखने को मिला जहां मस्जिदों को निशाना बनाया गया। पश्चिम बंगाल राज्य में हिंदुओं को पलायित होना पड़ा। पीड़ित हिंदू बंगाल पुलिस की मदद के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई सुरक्षा नहीं मिली। हालांकि, भारत में भी मुसलमानों के खिलाफ राजनीतिक अतिवाद में लिंचिंग की घटनाएं हुई हैं, लेकिन जैसा हिन्दुस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहा है, वैसा नहीं। अमेरिका में भी हिंदुओं और सिखों के खिलाफ नस्लीय हिंसा हुई हैं। हिंदुओं के मंदिरों को भी निशाना बनाया गया है। नस्लीय टिप्पणीयां हुई हैं, लेकिन पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी नहीं।

साम्प्रदायिक हिंसा को किसी भी तरीके का राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। नफ़रती बयानबाजी और सोशल मीडिया पर फ़ैलते भड़काऊ वीडियो और संदेश पर कड़ाई से प्रतिबन्ध लागू होना चाहिए। देश और संसद और उसकी संवैधानिक संस्थाएं जाति, धर्म और समुदाय से सर्वोपरि हैं। हमें उनका सम्मान करना होगा। हमें किसी कानून या बिल से असहमति है तो देश में अदालत और कानून भी है। हिंसा और अपनी अतिवादी ताकत दिखाने के बजाय हमें ऐसी संस्थाओं का सम्मान करना होगा। हमारे लिए देश सर्वोपरि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आतंकी हमला
मनोज कुमार अग्रवाल



# नहीं बदली जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथियों की बर्बर मानसिकता

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए हैं, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली, तारीखें बदलीं लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी की बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास, कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछकर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक-दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। बताया गया कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका जंगलों से घिरा होने से आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। बहरहाल, इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया, यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके। जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
## दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
## प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## ताज की बढ़ी सुरक्षा



उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल पर मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षाकर्मी चौकसी बरत रहे हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

## आज की पाती

### सुरक्षा में लापरवाही

पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ और इस हमले में जो हंसते-खेलते परिवार उजड़े, इस खबर को सुनकर हर कोई दुखी हुआ। कोई किसी धर्म का पत्थर दिल का ही व्यक्ति होगा जो इस हमले की खबर सुनकर भावुक न हुआ हो। जिसने भी यह दिल दहलाने वाली खबर सुनी, वो यह सोचने पर मजबूर हो गया कि नापाक आतंकवाद का घिनौना खेल आखिर कब रुकेगा? इस पर क्या लिखा जाए, कुछ समझ नहीं आ रहा। 22 अप्रैल का दिन हमेशा अब काले दिवस के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि इस दिन निहत्थे और बेकसूर लोग आतंकवाद का शिकार हुए। इस हमले ने पुलवामा में वर्ष 2019 के उन जख्मों को हरा कर दिया जब आतंकी हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख मिली है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में अभी खामियां हैं। *-राजेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भारत का पलटवार




भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का "पलटवार" है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### आतंकवादी हमले की निंदा



मैं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। यह हिंसा का एक मूर्खतापूर्ण और खौफनाक कृत्य है, जिसमें निर्दोष नागरिक और पर्यटक मारे गए व घायल हुए हैं। कनाडा इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।
**-मार्क कार्नी , पीएम, कनाडा**

### पंचायती राज दिवस



देश के सभी मुखियाओं, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को राजीव गांधी जी ने सशक्त पंचायती राज के ज़रिए साकार किया।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**


### अमानवीय कृत्य



यह एक अमानवीय कृत्य है। बेगुनाह पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारना। हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हम आतंकवादियों को भी उतनी ही बेरहमी से जवाब देने की मांग करते हैं। **-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# बुद्ध के दंत दर्शन के लिए यात्रा करने से बचे श्रद्धालु



पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मध्य श्रीलंका में बुद्ध के दंत अवशेष के दुर्लभ दर्शन के लिए तीर्थस्थल की यात्रा करने से बचें। पुलिस की यह अपील ऐसे समय में आई है जब कई दिनों से कतार में खड़े एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। बुद्ध के दंत अवशेष के दर्शन के लिए कोलंबो से लगभग 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में कैंडी में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुदथ मसिंघा ने कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि कृपया आज और कल दर्शन के लिए यात्रा न करें।' कैंडी के मंदिर में बुद्ध के दंत अवशेष को दर्शन के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अनुरोध पर 16 साल बाद रखा गया है। हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु इस अवशेष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं और कतारें कई मील तक फैली हुई हैं। एक सप्ताह पूर्व बुद्ध के दंत अवशेष को श्रीलंका लाया गया था। इसके पश्चात दंत अवशेष को दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।

## ऑफ बीट

# महिला अनुसंधानकर्ताओं की दशकों से हो रही अनदेखी



फ्लोरेंस बेल ने करीब 80 साल पहले डीएनए की संरचना की खोज का आधार तैयार करके 20वीं सदी के विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, जब 23 नवंबर, 2000 को उनकी मृत्यु हुई तो उनके मृत्यु प्रमाणपत्र पर व्यवसाय के सामने 'गृहिणी' लिखा था। यह महिला अनुसंधानकर्ताओं के साथ असमानता का इकलौता उदाहरण नहीं है। दशकों बाद भी महिला शोधकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अध्ययन बताते हैं कि व्यवस्था में गहरी पैठ बनाए हुए समस्याओं की वजह से महिलाएं या तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पातीं या इससे बाहर हो जाती हैं। लेकिन यह स्थिति अपरिहार्य नहीं है। इसका मतलब यह है कि शिक्षाविदों पर हरसंभव अधिक से अधिक शोधकार्य प्रकाशित करने का दबाव है, भले ही गुणवत्ता प्रभावित हो। शैक्षणिक क्षेत्र में महिलाएं यथासंभव अंशकालिक रूप से काम करती हैं, शिक्षण कार्य करती हैं और अतिरिक्त प्रशासनिक कामकाज करती हैं। इसका मतलब हुआ कि महिला अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान पर ध्यान देने के लिए, अन्वेषण करने के लिए और उनके बारे में प्रकाशन के लिए कम समय मिलता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

केंद्र ने 100 प्रतिशत टीकाकरण हासिल करने शुरू किया अभियान

# अगले साल तक देश से खसरा और रूबेला को खत्म कर देंगे

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ऑनलाइन कार्यक्रम के जरिए कार्यक्रम की शुरुआत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में खसरा और रूबेला जैसी बीमारियों को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को विश्व टीकाकरण सप्ताह की शुरुआत के मौके पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26 की शुरुआत की। इस अभियान का लक्ष्य है कि अगले साल तक देश से खसरा और रूबेला बीमारी पूरी तरह खत्म कर दी जाए।सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत बच्चों को खसरा और रूबेला बीमारी से बचाने के लिए दो टीके निःशुल्क लगाए जाते हैं। पहला टीका बच्चों को 9 से 12 महीने की उम्र में दिया जाता है, जबकि दूसरा टीका 16 से 24 महीने की उम्र में लगाया जाता है। पहली खुराक 93.7 प्रतिशत बच्चों को और दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी है।

**निःशुल्क लगाए जा रहे टीके**

*इसकी दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी*



**पोस्टर, रेडियो जिंगल और फिल्म भी जारी की**

नड्डा ने खसरा-रूबेला के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कई भाषाओं में तैयार की गई सामग्री जैसे पोस्टर, रेडियो जिंगल, एमआर उन्मूलन पर फिल्म और यू-विन प्लेटफॉर्म की आधिकारिक लॉन्च फिल्म भी जारी की। ये सभी सामग्री एमआर उन्मूलन अभियान 2025-26 के दौरान इस्तेमाल करने के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा की गई है।

**100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करने का लक्ष्य बनाया**

नड्डा ने कहा कि आज का दिन बहुत खास है इस अभियान का मकसद है कि हर बच्चे को खसरा और रूबेला के दोनों टीके समय पर दिए जाएं, ताकि सभी बच्चों को अच्छी सेहत और बेहतर जीवन मिल सके। इसका लक्ष्य 100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करना है।

## सतर्क रहें और निगरानी को और मजबूत करें राज्य

नड्डा ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 के बीच देश के 332 जिलों में खसरे का एक भी मामला सामने नहीं आया और 487 जिलों में रूबेला का कोई केस नहीं मिला। लक्ष्य की तरफ हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि बीमारियों पर नजर रखने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम को लगातार सक्रिय रखना और इसकी निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करना बहुत जरूरी है। पोलियो और मातृ-नवजात टिटनेस की तरह इसे खत्म करके ही दम लेंगे। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि वे सतर्क, तैयार और सक्रिय रहें और बिना देर किए तुरंत कदम उठाने की नीति पर काम करें।


**कोई भी वंचित नहीं रहना चाहिए**

नड्डा ने राज्य के मंत्रियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वे सार्वजनिक और प्रेस मीटिंग्स आयोजित करें, ताकि बड़ी संख्या में लोगों को टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी दी जा सके।वे दूरदराज के क्षेत्रों, झुग्गी-बस्तियों, प्रवासी लोगों और ऐसे इलाकों में जाएं जहां बीमारियां बार-बार फैलती हैं, ताकि वहां के लोगों को भी टीकाकरण का लाभ मिल सके।

**खबर संक्षेप**

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की मौत

**कोटा।** दिल्ली से नीट की तैयारी करने आए छात्र का शव गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास मिला।



शुरुआती जांच में बताया कि छात्र ने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या की है। लैंडमार्क सिटी इलाके में स्थित घटनास्थल पर आत्महत्या से संबंधित कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। 48 घंटे के भीतर आत्महत्या का यह दूसरा मामला है।

### जल जीवन मिशन घोटाले में जोशी गिरफ्तार

**जयपुर।** कांग्रेस नेता महेश जोशी ईडी मुख्यालय पहुंचे। वे निजी सहायक के साथ ईडी कार्यालय



आए, जहां उनसे जल जीवन मिशन घोटाले के सिलसिले में पूछताछ की जा रही थी। ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा ईडी के द्वारा पहले भी कई बार समन भेजे गए थे, लेकिन वे व्यक्तिगत कारणों से पेश नहीं हो रहे थे।

### कोलकाता में 2 'कॉल सेंटर' मिले, 16 अरेस्ट

**कोलकाता।** कोलकाता में पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार कर कथित रूप से विदेशी नागरिकों को



ठगने वाले फर्जी दो 'कॉल सेंटर' का भंडाफोड़ किया है। सेलिमपुर और बेहाला में दो अवैध 'कॉल सेंटर' पर छापेमारी की गई और वहां से कई मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, हेडफोन और दस्तावेज जब्त किए गए।

### 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार



कर 3 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सिल्दुबी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। 10 हजार याबा टैबलेट जब्त कीं, जिनका मूल्य 3 करोड़ है।

लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बोले पीएम मोदी

# 'बिहार में रेल संपर्क को बढ़ावा' की प्रतिबद्धता को केंद्र ने पूरा किया, विद्युत आपूर्ति भी बढ़ेगी



बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के 1,170 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। गोपालगंज में एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की भी आधारशिला रखी।

**प्रधानमंत्री ने मधुबनी में 13,480 करोड़ रुपए की योजनाओं की दी सौगात**

एजेंसी ▶▶ मधुबनी

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार के एक दिवसीय दौरे के क्रम में मधुबनी पहुंचे। यहां उन्होंने झंझारपुर प्रखंड के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने रिमोट के जरिए 13,480 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात देशवासियों को दी। बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मोदी ने गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़की लागत से बनने वाले एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की आधारशिला रखी। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए उन्होंने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 5,030 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

### ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

देशभर में रेल संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पीएण मोदी ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में दो 2-लेन रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को भी राष्ट्र को समर्पित किया।



**5 लाभार्थियों को चाबियां दी, 10 लाख को किस्तें दी**

उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहार के दो लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लगभग 930 करोड़ के सामुदायिक निवेश कोष के लाभ वितरित किए। इस अवसर पर पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी दिए गए और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी की गईं। उन्होंने बिहार में एक लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश को चिन्हित करते हुए पांच लाभार्थियों को चाबियां सौंपी। कई श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

### अलौली में पहली बार दौड़ी ट्रेन, लोग उत्साहित होकर नाचने- झूमने लगे

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। तत्कालीन रेल मंत्री केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान के गृह क्षेत्र अलौली में पहली



बार ट्रेन दौड़ी। इस का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया। स्पेशन ट्रेन अलौली से सहरसा के लिए रवाना की गई।पासवान ने 1998 में खगड़िया-कुशेश्वर रेलखंड की परियोजना की मंजूरी दी थी। ट्रेन के परिचालन शुरू होने से स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल। यह सुविधा सामाजिक और आर्थिक रूप से एक बड़ा परिवर्तन है। स्थानीय लोगों में खासा उत्साह दिखा, झूमे और नाचे। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

**नीतीश की फिर दो टूक**

### हम एनडीए के साथ हैं और आगे भी रहेंगे



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक फिर भरोसा दिया कि वे भाजपा को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने झंझारपुर में पंचायती राज दिवस पर कहा कि उनकी पार्टी राजद के खिलाफ मजबूती से लड़ती रहेगी। जब एनडीए की सरकार बनी तो 2006 में हमने पंचायती राज और 2007 में नगर निकाय के कानून में संशोधन किया।

**इस्लामी आतंक और लाल सलाम पर वार**

# 1 हजार नक्सलियों को सेना ने घेरा, पांच माओवादी ढेर



एजेंसी ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक बार फिर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। करीगुट्टा की पहाड़ियों में घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों का मुकाबला किया। इसमें सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में 5 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस अभियान में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के 20,000 सुरक्षाकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। 1,000 से अधिक नक्सली अब सुरक्षाबलों के घेरे में हैं। सर्च अभियान में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सली ठिकानों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त किया। इस दौरान 6 सोलर प्लेट, 2 नक्सली वर्दियां, 2 छत पंखे, और अन्य सामग्री मिली है। अभियान का संचालन सीआरपीएफ की विशेष यूनिट कोबरा की 208वीं बटालियन द्वारा जीदपल्ली स्थित कैंप से किया जा रहा है।

### 14 माओवादियों ने किया सरेंडर

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) के 14 सदस्यों ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, अलग-अलग कैडरों से संबंधित 14 माओवादियों ने सरेंडर किया है, जिसमें 2 एरिया कमेटी के सदस्य भी शामिल हैं। इन्होंने वारंगल पुलिस आयुक्तालय में मल्टी जोन 1 के पुलिस महानिरीक्षक एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि अब तक इस साल 250 माओवादी सरेंडर कर चुके हैं।

### मणिपुर में भी 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से कई अभियानों के दौरान 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के एक सक्रिय सदस्य को नोंगपोक संजेनबाम में गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान लौशंबम सुंदर सिंह उर्फ बुंगबुंग (34) के रूप में हुई है। उस पर व्यापारियों से जबरन वसूली का आरोप है। प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लुप के एक सदस्य को केइबी हेइकक मपाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जबकि पीआरईपीएके के एक सदस्य को सॉओमबुंग पौराबी से पकड़ा गया। इसमें हथियार और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया गया, जिसमें तीन एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और चार हैंड ग्रेनेड शामिल हैं।

**बंगाल हिंसा का मामला अदालत पहुंचा**

# अब हाईकोर्ट ने सुवेंदु को दी मुर्शिदाबाद जाने की अनुमति

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट नेभाजपा नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को मुर्शिदाबाद के उन क्षेत्रों का दौरा



करने की अनुमति दी, जो हाल ही में संसद में पारित वक्फ विधेयक के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान व्यापक हिंसा से प्रभावित हुए थे। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की खंडपीठ ने यह अनुमति दी। साथ ही यह स्पष्ट किया,वे न तो कोई जुलूस निकालेंगे, न कोई रैली करेंगे और न ही कोई ऐसा सार्वजनिक भाषण देंगे, जिससे शांति भंग हो सकती है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एडवोकेट ने उच्च न्यायालय को बताया कि उन्होंने संबंधित प्राधिकरण को निर्देश देने के लिए यह रिट याचिका दायर की, जिससे याचिकाकर्ताओं को दो अन्य व्यक्तियों और सुरक्षा बलों के साथ धुलियान, सुत्ती और शमशेरगंज जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की अनुमति मिल सके। कोई अप्रिय घटना न हो।

# एम्स रायपुर ने सफलतापूर्वक अपना पहला स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट किया

## इस जटिल और जीवनरक्षक प्रक्रिया को पूर्ण करने वाले नए एम्स संस्थानों में प्रथम और छत्तीसगढ़ राज्य का पहला सरकारी अस्पताल बना

## इस स्वैप किडनी प्रत्यारोपण से प्रत्यारोपण की संख्या में 15 प्रतिशत तक की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एम्स रायपुर ने सफलतापूर्वक अपना पहला स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट किया। इसे किडनी पेयर्ड ट्रांसप्लांट (केपीटी) के रूप में भी जाना जाता है। इस उपलब्धि के साथ, एम्स रायपुर नए एम्स संस्थानों में से पहला और छत्तीसगढ़ राज्य का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है, जिसने इस जटिल और जीवन रक्षक प्रक्रिया को अंजाम दिया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने और अंतिम चरण के किडनी रोग से पीड़ित रोगियों के लिए अभिनव उपचार समाधान प्रदान करने की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। केxद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार अनुमान है कि इस स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट से ट्रांसप्लांट की संख्या में 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी। राष्ट्रीय संगठन और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वैप डोनर ट्रांसप्लांटेशन के कार्यान्वयन की सिफारिश की है। इस विकल्प से डोनर की संख्या बढ़ सकती है।

एनओटीटीओ ने देश भर में इन प्रत्यारोपणों को अधिक प्रभावी ढंग से सुविधाजनक बनाने एक 'समान एक राष्ट्र एक स्वैप प्रत्यारोपण कार्यक्रम' शुरू करने का भी निर्णय किया है। स्वैप प्रत्यारोपण में, किडनी की खराबी से पीड़ित एक रोगी इच्छुक जीवित दाता होने के बावजूद रक्त समूह के अलग होने या एचएलए एंटीबॉडी की उपस्थिति के कारण किडनी प्राप्त नहीं कर सकता अब इस प्रत्यारोपण से किसी अन्य अन्य असंगत स्थिति के साथ दाताओं का आदान-प्रदान करके प्रत्यारोपण करवा सकता है। इस व्यवस्था के माध्यम से, दोनों प्राप्तकर्ताओं को उनके अनुकूल किडनी मिलती हैं, जिसके परिणामस्वरूप दोनों के लिए सफल प्रत्यारोपण किया जा सकता है। एम्स रायपुर में हासिल इस ऐतिहासिक उपलब्धि में, बिलासपुर के 39 और 41 वर्षीय दो पुरुष ईएसआरडी रोगी तीन वर्ष से डायलिसिस पर थे। दोनों को किडनी प्रत्यारोपण कराने की सलाह दी गई थी। उनकी संबंधित पत्नियां जीवित दाताओं के रूप में आगे आईं। हालांकि, रक्त समूह असंगति यानी एक जोड़ी में बी पॉजिटिव और ओ पाजिटिव और दूसरी में ओ पॉजिटिव और बी निगेटिव के कारण सीधे दान संभव नहीं था। इस चुनौती से निपटने के लिए, एम्स रायपुर में प्रत्यारोपण टीम ने एक सफल स्वैप प्रत्यारोपण का समन्वय किया। प्रत्येक दाता ने अपनी किडनी दूसरे प्राप्तकर्ता को दी, जिससे रक्त समूह की संगतता सुनिश्चित हुई। रोगियों की शल्य चिकित्सा 15 मार्च को की गई थी और सभी 4 व्यक्ति- दाता और प्राप्तकर्ता दोनों आईसीयू में कड़ी निगरानी में हैं। स्वैप प्रत्यारोपण टीम में डॉ. विनय राठौर (ट्रांसप्लांट फिजीशियन); डॉ. अमित आर. शर्मा, डॉ. दीपक बिस्वाल और डॉ. सत्यदेव शर्मा (ट्रांसप्लांट सर्जन); डॉ. सुब्रत सिंहा, डॉ. मयंक, डॉ. जितेंद्र और डॉ. सरिता रामचंदानी (एनेस्थिसियोलॉजिस्ट) और अन्य प्रत्यारोपण सह-समन्वय टीम के सदस्य और नर्सिंग स्टाफ शामिल थे।

**डब्ल्यूटीओ ने दी जानकारी**

## ट्रंप की शुल्क नीतियों से वैश्विक व्यापार में गिरावट की आशंका

**जिनेवा (एपी)।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बदलती शुल्क नीतियों और चीन के साथ गतिरोध के कारण इस वर्ष दुनिया भर में वस्तु के व्यापार में 0.2 प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। हालांकि डब्ल्यूटीओ ने चेताया है कि ट्रंप के जवाबी सीमा शुल्क की व्यवस्था पर अड़े रहने की स्थिति में वस्तु व्यापार में 1.5 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। डब्ल्यूटीओ ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा कि सबसे कठोर शुल्क व्यवस्था के बगैर भी खासकर उत्तर अमेरिकी क्षेत्र में व्यापार में गिरावट देखने को मिलेगी। इस वर्ष वहां निर्यात में 12.6 प्रतिशत और आयात में 9.6% प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। वैश्विक व्यापार मंच ने कहा कि पहले 2025 और 2026 में विश्व व्यापार के निरंतर बढ़ने की उम्मीद थी लेकिन ट्रंप के व्यापार युद्ध ने डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्रियों को अपना पूर्वानुमान काफी हद तक कम करने के लिए मजबूर कर दिया।

**मुद्राकोष प्रमुख बोले**

## व्यापार विवादों को हल करने के लिए 'तत्परता से' कदम उठाएं

**वाशिंगटन (एपी)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने बृहस्पतिवार को देशों से वैश्विक आर्थिक वृद्धि को खतरा पहुंचाने वाले व्यापार विवाद हल करने के लिए 'तत्परता से' कदम उठाने का आग्रह किया। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक जॉर्जीवा ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विदेशी आयात पर उच्च शुल्क लगाने के आक्रामक अभियान से उपजी अनिश्चितता के कारण कंपनियां निवेश में देरी कर रही हैं और उपभोक्ता भी खर्च से परहेज कर रहे हैं। आईएमएफ एवं सहयोगी संस्था विश्व बैंक की बैठकों के दौरान बृहस्पतिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जॉर्जीवा ने कहा, ''अनिश्चितता व्यापार के लिए सही नहीं है। मुद्राकोष के इस वर्ष विश्व आर्थिक वृद्धि का पूर्वानुमान कम करने के दो दिन बाद जॉर्जीवा ने यह टिप्पणी की है। आईएमएफ ने अमेरिका के लिए भी अपने पूर्वानुमान को घटाया है।

**गरीब की थाली से रोटी छीन रहे हैं अधिकारी, सख्त कार्रवाई हो: सैलजा**

# हरियाणा में गोदामों में रखा 97 करोड़ का गेहूं हुआ खराब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रशासनिक लापरवाही से करनाल के गोदामों में रखा 97 करोड़ 50 लाख रुपए कीमत का गेहूं खराब हो गया जो खाने योग्य भी नहीं रहा है। प्रदेश के दूसरे जिलों में भी गोदामों में रखे गेहूं की जांच करवाई जाए।

अधिकारियों की लापरवाही गरीबों की थाली से रोटी छीन रहे है, सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। क्योंकि अन्न का अपमान देश के अन्नदाता का अपमान है।मीडिया को जारी बयान में गुरुवार को सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मंडी से गेहूं के उठान के बाद विभिन्न एजेंसियों के गोदाम में रखा जाता है, गेहूं के रखरखाव का एजेंसी को भुगतान किया जाता है। सरकार अगर 2400 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से गेहूं खरीद कर गोदाम में रखती है तो सारे खर्च लगाकर गेहूं 3900 रुपए प्रति क्विंटल जाकर पड़ता है।

मई 2024 में करनाल में जो गेहूं खरीदा गया था वह हैफेड के पांच गोदामों में रखा गया था। कुमारी सैलजा ने कहा कि गोदाम में गेहूं तो रख दिया जाता है पर उसके रखरखाव में ढिलाई बरती जाती है, कही पर कट्टों में से गेहूं निकाल लिया जाता है उनका वजन पूरा करने के लिए पानी का छिड़काव किया जाता है, अधिक पानी के छिड़काव से गेहूं खराब हो जाता है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि करनाल जिला में नेवला, असंध और नीलोखेडी के गोदामों में रखे गेहूं में सुरसरी लगने से वह खाने लायक भी नहीं रहा। इन तीनों गोदामों में 80 प्रतिशत गेहूं खराब हो गया है ऐसा जांच में सामने आया है। खराब हुए गेहूं की कीमत 97.50 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

यह कहानी तो सिर्फ करनाल जिला की है अगर दूसरे जिलों में ऐसी ही लापरवाही बरती गई होगी तो न जाने कितने अरबों रुपए का गेहूं खराब हुआ होगा। सरकार को इस दिशा में सख्त कदम उठाते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए और एक टीम का गठन करते हुए प्रदेश के दूसरे जिलों में गोदाम में रखे गेहूं की भी जांच करानी चाहिए।

### गेहूं के उठान और रखरखाव पर ध्यान नहीं दे रही सरकार

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में गेहूं की खरीद हर साल एक अप्रैल से शुरू की जाती है, ऐसे में सरकार को पहले ही तैयारी कर लेनी चाहिए, पर सरकार प्यास लगने पर ही कुंआ खोदना शुरू करती है हर जिला में गेहूं की आवक जोरों पर है, हर जिला में 70 से 80 प्रतिशत गेहूं का उठान नहीं हो पाया है, हालात ये है कि मंडियों के बारे गेहूं की बोरियां या ढेरिया लगी हुई है। मंडी के चारों ओर रास्ते बंद हो रहे है। मंडी और खरीद केंद्रों में अव्यवस्था ही अव्यवस्था है, सरकार के सभी दावे धरे के धरे दिखाई दे रहे हैं। सरकार को गेहूं के उठान और उसके रखरखाव की ओर ध्यान देना चाहिए क्योंकि जब लापरवाही से अन्न की बर्बादी होती है तो अन्नदाता का अपमान होता है।

## खबर संक्षेप

### एसीसी का लाभ 20.4% घटकर 751 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सीमेंट विनिर्माता एसीसी लिमिटेड ने कहा कि मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 20.4 प्रतिशत घटकर 751.04 करोड़ रुपये रह गया। अदाणी समूह की कंपनी एसीसी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि एक साल पहले की इसी अवधि में उसने 943.39 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था।

### एनटीपीसी ग्रीन बांड के जरिए 5000 करोड़ रुपए जुटाएगी

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. (एनजीईएल) का निदेशक मंडल अगले सप्ताह वित्त वर्ष 2025-26 में एक या अधिक किस्तों में बांड के जरिये 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। एनजीईएल सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के हरित ऊर्जा उपायों को आगे बढ़ाने वाली प्रमुख कंपनी है।निदेशक मंडल की बैठक 29 अप्रैल, 2025 को होनी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान एक या अधिक किस्तों में बांड के जरिये अधिकतम 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने और उसे मंजूरी देने पर विचार करेगा।

### मैक्स एस्टेट्स ने 'दिल्ली वन' योजना का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्स एस्टेट्स लि. ने नोएडा में ठप पड़ी 'दिल्ली वन' परियोजना का दिवाला प्रक्रिया के माध्यम से अधिग्रहण करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस संपत्ति को विकसित करने के लिए 1,400 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।
उसने सात वर्ष के लंबे इंतजार के बाद नोएडा में 'दिल्ली वन' पर फिर से काम शुरू करने के लिए बुलेवार्ड प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण किया है।

# स्वयं की सुरक्षा नहीं की तो नियम आपको नहीं बचा सकते

एजेंसी ⏭ कोलकाता

बीएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररमण राममूर्ति ने निवेशकों में जागरूकता तथा जिम्मेदारी की जरूरत का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर निवेशक निवेश करते समय पर्याप्त सावधानी नहीं बरतते हैं तो केवल नियम उनकी रक्षा नहीं कर पाएंगे। राममूर्ति ने निवेशकों से सतर्क व नवीन सूचनाओं के बारे में जानकारी रखने का आग्रह किया और कहा कि यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको समस्या होगी। उन्होंने निवेशकों की उचित जांच-पड़ताल के बजाय सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करने की प्रवृत्ति की भी आलोचना की।

- निवेशक निवेश करते समय पर्याप्त सावधानी नहीं बरतते

## बीएसई के सीईओ राममूर्ति ने निवेशकों को किया सतर्क

### छोटे निवेशक म्यूचुअल फंड का रास्ता चुने

सीईओ ने जोर देकर कहा, 'यदि आप स्वयं को सुरक्षित नहीं रखना चाहते, तो कोई भी नियम आपको नहीं बचा सकता। सतर्क रहें।' राममूर्ति ने सलाह दी कि छोटे निवेशक जो बाजार विशेषज्ञ नहीं हैं, उन्हें म्यूचुअल फंड का रास्ता चुनना चाहिए और उन्हें 'थीमैटिक फंड' से बचना चाहिए...उन्हें म्यूचुअल फंड या लार्ज-कैप फंड चुनना चाहिए।



### करियर के शुरुआत से ही निवेश शुरू करे

राममूर्ति ने कहा कि महिलाओं और युवाओं को अपने करियर की शुरुआत में ही निवेश शुरू करना चाहिए। भारत के लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) क्षेत्र की संभावनाओं का जिक्र करते हुए बीएसई के सीईओ ने कहा कि इस क्षेत्र की केवल 40 कंपनियां ही वर्तमान में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं, जबकि वास्तविक संभावना 1,000 से अधिक हो सकती है।
*जिंदगी की कमाई निवेश से पहले जांच ले : राममूर्ति ने कहा, "आप सब्जी खरीदने से पहले उसे अच्छी तरह जांचते हैं, लेकिन जब आप अपनी जिंदगी की कमाई निवेश करते हैं, तो सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करते हैं...ऐसा नहीं होना चाहिए।" नियामक अपेक्षाओं के बारे में बीएसई प्रमुख ने कहा कि आम धारणा यह है कि जब निवेशक पैसा खो देते हैं तो नियामकों को दोषी ठहराया जाता है।*

### पंप एंड डंप को खारिज नहीं किया जा सकता

सीईओ ने लघु एवं मध्यम उद्यमों से आग्रह किया कि वे धन जुटाने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने तथा अपनी क्षमता को दुनिया के सामने लाने के लिए बाजार में सूचीबद्ध होने के व्यवहारिक मार्ग पर विचार करें। एसएमई सूचीबद्धता में संभावित हेरफेर पर किए सवाल पर राममूर्ति ने स्वीकार किया कि 'पंप-एंड-डंप' योजनाओं जैसे धोखाधड़ी को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है।

## पीएम मोदी ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन किया संबोधित

# इस्पात उत्पादन बढ़ाने निष्क्रिय पड़ी नई खदानों से लौह अयस्क होगा निकालना

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से 'मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी से आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत' बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने को कहा। प्रधानमंत्री ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को 'ऑनलाइन' संबोधित करते हुए यह भी कहा कि देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए अपनी वैश्विक भागीदारी को मजबूत करने की आवश्यकता है।

पीएम ने उद्योग से इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त नयी खदानों से लौह अयस्क निकालना शुरू करने का भी आह्वान किया। मोदी ने इस्पात को 'उभरता हुआ क्षेत्र' बताते हुए इसका उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता बतायी, जो विकास की 'रीढ़' है। उन्होंने नई प्रक्रियाओं को अपनाने, नवोन्मेष करने, सर्वोत्तम गतिविधियों का आदान-प्रदान करने और कोयले का आयात कम करने पर भी विचार करने को कहा।

### कच्चा माल प्राप्त करना इस्पात के लिए बड़ी चिंता

मोदी ने इस्पात उद्योग के प्रतिनिधियों को अपने संबोधन में कहा, "आइए, हम एक मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम करें। उन्होंने स्वीकार किया कि कच्चा माल प्राप्त करना इस्पात क्षेत्र के लिए एक 'बड़ी चिंता' है।

**'इस्पात जैसा मजबूत भारत' बनाने मिलकर काम करे उद्योग**

**देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए वैश्विक भागीदारी बढ़ानी होगी**

**इस्पात को बताया उभरता हुआ क्षेत्र, बढ़ाना होगा उत्पादन**

*नए खदानों का उपयोग नहीं हो पाया : मोदी ने कहा कि कई नयी खदानें हैं, जिनका उपयोग नहीं हो पाया है। उनका उचित और समय पर उपयोग किया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा नहीं होने पर देश और उद्योग दोनों को नुकसान होगा।*

*इस्पात की खपत 160 किलो करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योग को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए और नई प्रक्रियाओं, नये स्तर और नये पैमाने को अपनाना चाहिए। मोदी ने कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक इस्पात उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 30 करोड़ टन करना है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.9 करोड़ टन था। साथ ही प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत भी इसी अवधि में वर्तमान 98 किलो से बढ़ाकर 160 किलो करने का लक्ष्य है।*



### निकल, कोयला व मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर

पीएम ने सभी से वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने और आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, "एक बड़ी चिंता कच्चे माल की सुरक्षा है। हम अभी भी निकल, कोकिंग कोयला और मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर हैं। और इसीलिए, हमें वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना चाहिए, आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करना चाहिए और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।"

### उच्च स्तर के इस्पात की मांग बढ़ेगी

पीएम ने कहा कि बड़ी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या उच्च स्तर के इस्पात की मांग को बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत और चंद्रयान मिशन में इस्तेमाल किया गया इस्पात स्थानीय स्तर पर विनिर्मित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश निर्यात बाजार पर नजर रखते हुए आधुनिक और बड़े जहाज बनाने की महत्वाकांक्षा रखता है।

### निर्यात को बढ़ाकर 50 करोड़ टन करना होगा

मोदी ने कहा कि ऐसे कार्यों के लिए उच्च श्रेणी के इस्पात की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि इस्पात के मामले में लक्ष्य आयात को शून्य स्तर पर लाने और शुद्ध निर्यात को बढ़ावा देने पर होना चाहिए। देश का लक्ष्य 2047 तक इस्पात के मौजूदा 2.5 करोड़ टन निर्यात को बढ़ाकर 50 करोड़ टन करना है।



### म्यांमार भूकंप राहत कार्यों के लिए वीआईटी भोपाल का मानवीय सहयोग

**नई दिल्ली।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, सुश्री काधम्बरी एस, विश्वनाथन ने हाल ही में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए 2,45,92,500 म्यांमार क्याट (भारतीय रू. में 10 लाख के समतुल्य) की सहयोग राशि दान की है। यह योगदान वीआईटी भोपाल की ओर से दिया गया और इसे म्यांमार गणराज्य के राजदूत, महामहिम जॉ ओ को 24 अप्रैल 2025 गुरुवार के दिन नई दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में औपचारिक रूप से सौंपा गया। यह सहयोग वैश्विक मानवीय संवेदनाओं के प्रति वी आईटी भोपाल की सतत प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा संस्थान के सहानुभूति आधारित वैश्विक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।



### एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 प्रकाशित:कीट, एशिया में 184वें स्थान पर एवं भारत में 8वें स्थान पर रहा

**भुबनेश्वर।** हर साल की तरह, टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग की घोषणा की गई है और भुवनेश्वर स्थित कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर को एक बार फिर उल्लेखनीय स्थान हासिल हुआ है। 2025 के घोषित नतीजे में कीट ने एशिया में 184वीं रैंक हासिल किया है, जो पिछले साल के 196वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह विकास कीट की निरंतर प्रगति और वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में इसकी बढ़ती मान्यता की पुष्टि करती है। इस लेटेस्ट रैंकिंग के साथ कीट को भारत में सरकारी और निजी दोनों संस्थानों में 8वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिली है। इसने कई प्रतिष्ठित भारतीय संस्थानों के बीच यह स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय ने पूर्वी और उत्तरी भारत में टॉप रैंक वाले डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में अपना गौरव भी बरकरार रखा है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सोना 99,400 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचा, चांदी भी चमकी

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट एवं आभूषण विक्रेताओं की तरफ से लिवाली आने और कमजोर डॉलर के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने ऐतिहासिक एक लाख रुपये के स्तर से बुधवार को 'यू-टर्न' लिया था और 2,400 रुपये घटकर 99,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये बढ़कर 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछला बंद भाव 98,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अमेरिकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और चीन के बीच मौजूदा व्यापार गतिरोध कुछ समय तक जारी रह सकता है जिंस बाजार के विशेषज्ञों के मुताबिक, ट्रंप और बेसेंट की टिप्पणियों से सोना में अब तक के उच्चतम स्तर से तकनीकी सुधार के तहत आई गिरावट के बाद सुरक्षित-निवेश विकल्प के बतौर सराफा मांग को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है। इस बीच, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

### तेजी पर विराम, सेंसेक्स 315 अंक फिसला

*मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सात कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद मुनाफावसूली हावी होने और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्च तिमाही के निराशाजनक नतीजों के बीच बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 315 अंक और निफ्टी 82 अंक की गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि दिग्गज कंपनियों आईसीआईसीआई बैंक एवं भारती एयरटेल में बिकवाली आने और एशियाई एवं यूरोपीय शेयरों में नरम रुख के कारण भी बाजार में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक गिरकर 79,801.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 391.94 अंक गिरकर 79,724.55 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 82.25 अंक की गिरावट के साथ 24,246.70 अंक पर बंद हुआ। यह सात कारोबारी सत्रों के बाद स्थानीय शेयर बाजार में आई पहली गिरावट है। पिछले सात कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 6,269.34 अंक यानी 8.48 प्रतिशत की छलांग लगाई थी जबकि निफ्टी 1,929.8 अंक यानी 8.61 प्रतिशत उछला था। -*

## रुपया 16 पैसे चढ़कर 85.29 पर हुआ बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई

अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़कर 85.29 (अस्थायी) पर पहुंच गया। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रुपये में यह तेजी आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कमजोर डॉलर और अमेरिका में कारोबारी गतिविधियों में सुस्ती के बीच कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात गिरावट के कारण रुपया मजबूत हुआ। अमेरिकी बांड प्रतिफल में भी गिरावट आई और 10 साल का प्रतिफल 0.03 प्रतिशत गिरकर 4.35 प्रतिशत पर आ गया। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 85.60 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चतम स्तर 85.25 और दिन के निम्नतम स्तर 85.67 के बीच रहने के बाद कारोबार के अंत में 85.29 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो इसके पिछले बंद स्तर से 16 पैसे की तेजी है।




## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**वृष** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।


**मिथुन** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।


**सिंह** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**कन्या** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।


**तुला** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।


**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।


**मकर** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।


**मीन** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

### सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड भारत में ओसामू सुजुकी सेंटर ऑफ एक्सीलेस (OSCOE) की स्थापना करेंगे

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज अपने लेजेंडरी (legendary) लीडर स्वर्गीय श्री ओसामु सुजुकी को धद्धांजलि देते हुए, भारत में ओसामु सुजुकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (OSCOE) स्थापित करने का प्रस्ताव पेश किया है। यह घोषणा आज दिल्ली के यशोभूमि में सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री ओसामु सुजुकी की याद में आयोजित एक स्मरण समारोह के दौरान की गई। श्री ओसामु सुजुकी का 25 दिसंबर 2024 को जापान में निधन हुआ था।श्री ओसामु मुजुकी भारत में मैन्युफैक्चरिंग के जापानी पद्धतियों को लाये थे जिससे न केवल मैन्युफैक्चरिंग में उच्च प्रतिस्पर्धा हुई बल्कि इसके परिणामस्वरूप अधिक समान (equitable), समावेशी (inclusive) और सामंजस्यपूर्ण (cohesive) समाज बना। ये कॉन्सेप्ट आज भी भारत में कॉम्पिटिटिव मैन्युफैक्चरिंग के भविष्य के विकास के लिए प्रासंगिक है। इसलिए राष्ट्र निर्माण में श्री ओसामू सुजुकी के योगदान को सम्मान देने और उनके मैन्युफैक्चरिंग फिलॉसफी जिससे मारुति सुजुकी की सफलता हुई, उसके व्यापक प्रचार के लिए इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है।

- यह मैन्युफैक्चरिंग में उच्च प्रतिस्पर्धा के लिए जापानी पद्धतियों का व्यापक प्रसार करेगा

# अटारी बॉर्डर बंद, पाक को होगा 3000 करोड़ का नुकसान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले से 2क्ष निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या और 20 से अधिक लोगों के घायल होने के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कमद उठाए हैं। सरकार ने अटारी में बने चेक पोस्ट को तुरंत बंद करने का फैसला लिया है। जिसके बाद से पाकिस्तान को 3000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ेगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अटारी बॉर्डर ही एकमात्र जमीनी रास्ता है जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार होता है। भारत इस रास्ते से पाकिस्तान को सोयाबीन, मुर्गे का दाना, सब्जियां, प्लास्टिक के दाने और लाल मिर्च जैसी चीजें भेजता है।

### भारत और पाकिस्तान का व्यापारिक रास्ता

ये पोर्ट लंबे समय से भारत और पाकिस्तान के बीच एक अहम व्यापारिक रास्ता रहा है। भारत की तरफ से सोयाबीन, मुर्गे का दाना, सब्जियां, लाल मिर्च, प्लास्टिक के दाने और प्लास्टिक का धागा जैसे सामान भेजे जाते हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान और अन्य देशों से भारत के सूखे मेवे, सूखे खजूर, जिप्सम, सीमेंट, कांच, सेंधा नमक और कई तरह की जड़ी-बूटियां भी आती हैं। अब इस पोर्ट के बंद होने से इन चीजों के व्यापार पर असर पड़ेगा। खासतौर से उन व्यापारियों पर जो इस सीमा पार व्यापार पर निर्भर हैं।

### 3,886.53 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ था

अटारी जो अमृतसर से सिर्फ 28 किलोमीटर दूर है, वो भारत का पहला लैंड पोर्ट है और पाकिस्तान के साथ व्यापार की एकमात्र जमीनी रास्ता है। ये पोर्ट 120 एकड़ में फैला हुआ है और राष्ट्रीय राजमार्ग -1 से जुड़ा है। अटारी -वाघा कॉरिडोर से हर साल व्यापार और यात्रियों की आवाजाही में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिलता है। साल 2023-24 में इस पोर्ट से 6,871 मालवाहक गाड़ियां गई थी और 71,563 लोगों ने इस रास्ते से यात्रा की थी। इस दौरान कुल 3,886.53 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ था।


- भारत इस रास्ते से सोयाबीन, मुर्गी दाना, सब्जियां, लाल मिर्च आदि भेजता है

**PUBLIC NOTICE**

My husband late Sh. Mohammed Abd Hadi S/o Sh. Mohammed Israil R/o Flat No E7-103, Supertech Eco Village-1, Greater Noida West Gautam Buddha Nagar Uttar Pradesh-201318, booked a flat no E7-103, Supertech Eco Village 1, he passed away on 12/11/2023, Now after his death, I requested to M/s Supertech Limited to transfer the flat on my name alone, If anyone/financial institute have objection, may contact Supertech office at E-Square, Plot No-C-2, Sector-96, Noida. within in 15 days of this notice.

Mrs. Shama Bano
W/o Late Sh. Mohammed Abd Hadi

### शब्द पहेली - 5847




**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम, संदेह-2

**शब्द पहेली -5846 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | | आ | ग | | सा | थ | | सु | रा |
| ल | | ता | ना | | आ | स | | ख | ब | र |
| | ली | ला | | सा | या | | क | ल | ह | |
| म | न | | रा | त | | र | म | ल | | वि |
| स्ती | | फि | जा | | अ | ग | ला | | सा | दा |
| | शू | र | | की | च | ड़ | | ता | र | |
| कु | ल | | अ | म | ल | | ख | त | | मी |
| ली | | ग | ल | त | | प | ता | | जा | न |
| | दो | ज | ख | | क | ल | | ता | ल | |
| घा | य | ल | | दा | म | | उ | प्र | | मो |
| त | म | | प | ग | | कृ | ष्ण | | क | र |



आईपीएल : हेजलवुड ने 4 विकेट चटकाए, बने मैन ऑफ द मैच

# कोहली-पडीक्कल के अर्धशतक, आरसीबी की घरेलू मैदान पर सत्र की पहली जीत

भाषा ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने जोश हेजलवुड (33 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से वापसी करते हुए बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से शिकस्त देकर इस सत्र में घरेलू मैदान पर पहली जीत का स्वाद चखा। आरसीबी 12 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के भी 12-12 अंक हैं। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार पांचवीं हार थी। इससे पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70 रन) और देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से आरसीबी ने पांच विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर राजस्थान रॉयल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। उसके लिए यशस्वी जायसवाल (49 रन), रियान पराग (22 रन), नीतिश राणा (28 रन) और वैभव सूर्यवंशी (16 रन) और ध्रुव जुरेल ने आरसीबी के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। पर हेजलवुड ने 17वें और 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी कर आरसीबी को मैच में वापसी कराई। शुभम दुबे और जुरेल ने 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार पर 22 रन जुटाये जिससे राजस्थान को जीत के लिए दो ओवर में केवल 18 रन चाहिए थे। लेकिन 19वें ओवर में हेजलवुड ने महज एक रन देकर दो विकेट झटके जिसमें जुरेल (47 रन) का विकेट भी शामिल था। इससे आरसीबी की जीत सुनिश्चित हुई। जुरेल रिव्यू के बाद आउट हुए और फिर हेजलवुड ने अगली गेंद पर आर्चर का विकेट झटका जबकि अंतिम ओवर में यश दयाल ने शुभम दुबे (12 रन) और वानिंदु हसारंगा (01) को आउट किया। राजस्थान रॉयल्स ने पावरप्ले में भले ही दो विकेट गंवा दिए लेकिन उसने छह ओवर में 72 रन बना लिए थे जबकि आरसीबी का पावरप्ले में स्कोर बिना विकेट गंवाए 59 रन था।



## चेन्नई और हैदराबाद 6-6 हार से निराश, जीत से प्लेऑफ की उम्मीद होगी जीवंत

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे। चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा।

# अनिमेष ने 200 मीटर में जीता सोना चित्रावेल खेलेंगे वर्ल्ड चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| कोच्चि




ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन 200 मीटर दौड़ में 20.40 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पुरुष 100 मीटर के रजत पदक विजेता 21 साल के कुजूर ने अमलान बोरगोहेन के 20.52 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। रिलायंस का प्रतिनिधित्व कर रहे बोरगोहेन 20.80 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। पुरुष त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल ने 17.37 मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की और इस साल टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जेएसडब्लू का प्रतिनिधित्व कर रहे तेइस साल के चित्रावेल ने अपने तीसरे प्रयास में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने वाली कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इससे पहले मई 2023 में क्यूबा के हवाना में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। चित्रावेल इस दौरान सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के 17.22 मीटर के क्वालीफाइंग स्तर को भी हासिल करने में सफल रहे।

## भारत ने देश में रोका पीएसएल का प्रसारण, हटाए कर्मचारी

**नई दिल्ली।** पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में पीएसएल के प्रसारण पर रोक लगा दी है। इसके एक दिन पहले बुधवार को भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया और सिंधु जल समझौते पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया है। अब पाकिस्तान को एक और झटका दिया गया है। यह पाकिस्तान सुपर लीग से जुड़ा हुआ है। दरअसल , मैच की लाइव स्ट्रीमिंग करने वाला प्लेटफॉर्म फैनकोड भारत में अब पाकिस्तान सुपर लीग 2025 का प्रसारण नहीं करेगा। यह निर्णय गुरुवार से लागू हो गया है। बता दें कि फैनकोड भारत में पाकिस्तान की क्रिकेट लीग का ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर था। पहलगाम में हुई घटना के बाद फैनकोड ने यह कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अभी तक इस घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, भारत से लेकर पाकिस्तान तक के क्रिकेटर ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान में इन दिनों पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां सीजन खेला जा रहा है। लीग में अब तक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। अब तक भारतीय फैंस फैनकोड पर पीएसएल का लाइव प्रसारण देख रहे थे। 10वें सीजन में 6 टीमों के बीच कुल 34 मुकाबले खेले जाने हैं। 18 मई को पीएसएल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## किताब 'टेस्ट क्रिकेट' में 150 साल की दास्तान




**नई दिल्ली।** क्रिकेट के पारंपरिक स्वरुप पर एक नई किताब 'टेस्ट क्रिकेट : अ क्रिस्टी' में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत के बाद से अब तक खेल में आए बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है। हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन, इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं। प्रकाशक ने एक बयान में कहा, 'बॉडीलाइन से बैजबॉल तक, वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा।

## सुपरबेट रैपिडः प्रज्ञानानंदा पर होंगी सबकी निगाहें



**वारसॉ।** ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत शनिवार से यहां शुरू होने वाले सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन शिरकत नहीं करेंगे जिससे सभी की निगाहें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा पर लगी होंगी। हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्रज्ञानानंदा खिताब के लिए दावेदारों में शामिल हैं और कार्लसन की अनुपस्थिति से उनकी संभावनायें मजबूत हुई हैं। ईरानी से फ्रांसीसी बने अलीरेजा फिरौजा भी खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं जबकि उनके हमवतन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव पिछले दशक में फ्रांसीसी खिलाड़ियों की विरासत को बरकरार रखना चाहेंगे। दस खिलाड़ियों में केवल दो भारतीय प्रतिस्पर्धी हैं। देखना होगा कि इस साल ग्रैंड शतरंज टूर कौन जीतेगा। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 175000 अमेरीकी डालर है। 'स्पीड शतरंज' में अपनी सटीकता के कारण प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन देखने वाला होगा।

## पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

**अम्मान।** पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर 15 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपै के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के आधार पर हराया। अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी।

मैड्रिड ओपन टेनिस

# गेल मोनफिल्स जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी




एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की। गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

38 वर्षीय मोनफिल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 42वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मोनफिल्स इस मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। मोनफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त गत चैंपियन आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने दो सप्ताह पहले मोंटे कार्लो में 32वें राउंड में मोनफिल्स को हराया था। इटली के 18 वर्षीय सिना ने पिछले महीने मियामी में फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया था। उन्होंने जीत का यह सिलसिला जारी रखते हुए वोंग के खिलाफ 7-6 (5), 6-1 से जीत हासिल की। उन्होंने वोंग के खिलाफ मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए और 19 विनर्स लगाए। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा।

### दो सेट में जीते बुब्लिक

पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में अलेक्जेंडर बुब्लिक ने एलेक्स मिशेलसन को 7-6 (2), 7-6 (4) से, कोमेसाना ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-4, 6-4 से, नूनो बोर्गेस ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-7 (7), 7-6 (3), 6-3 से, आर्थर रिंडरकनेच ने रोमन सफीउलिन को 7-6 (4), 6-1 से और क्रिस्टोफर ओ'कोनेल ने कैमिलो उगो काराबेली को 6-3, 6-4 से हराया।



**विदेश मंत्रालय ने कहा-** पाकिस्तान से जल्द लौटें भारतीय

भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरतः **माइकल रुबिन**



# पेंटागन के पूर्व अधिकारी बोले- अब कोई रास्ता नहीं बचा... पाकिस्तान से इजराइल जैसा बदला ले भारत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

*पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे*

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बैसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है।

इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसॉर्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाकिस्तान और पाकिस्तान की आईएसआई के साथ वैसा ही करे जैसा इजराइल ने हमास के साथ किया। अब वक्त आ गया है कि आईएसआई के नेतृत्व को खत्म कर दें और उन्हें एक नामित आतंकवादी समूह के रूप में माना जाए। मांग की जाए कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

### पाकिस्तान आतंकवादी समूहों का घर

*पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं।*

### शाह ने ओवैसी को दिल्ली बुलाया



*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सर्वदलीय बैठक के लिए एआईएमआईएम प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी को फोन करके दिल्ली बुलाया है। ओवैसी ने कहा- गृह मंत्री ने मुझे फोन किया और पूछा कि मैं कहां हूं। उन्होंने मुझे आने के लिए कहा है। मैं जल्द से जल्द दिल्ली पहुंच रहा हूं। बता दें कि इससे पहले ओवैसी ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि संसद में सदस्यों की संख्या पर गौर किए बिना सभी राजनीतिक दलों को पहलगाम सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित किया जाए।*

### पाकिस्तान उच्चायोग में केक की इंट्री



पहलगाम में आतंकी हमला के बीच दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक कर्मचारी केक लेकर अंदर जा रहा था। मीडिया ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो। पाकिस्तान दूतावास में केक लेकर जाने को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान खुश है। सच्चाई चाहे जो भी हो लेकिन पाकिस्तान कर्मचारी का जवाब न देना कई सवाल खड़े करता है। भारत-पाकिस्तान संबंध का असर दिखने लगा है। दिल्ली में पाकिस्तानी दूतावास की सुरक्षा भी कम कर दी गई है। अभी पाकिस्तानी दूतावास के बाहर सन्नाटा छाया हुआ है। कोई सुरक्षाकर्मी नजर नहीं आ रहा है।

### नेतागण बोलने से पहले सोचें, आतंकवाद का धर्म होता है ये तय हो गयाः अविमुक्तेश्वरानंद



मध्य प्रदेश के सिवनी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस आतंकी हमले पर बोलते हुए कहा कि इस घटना ने प्रमाणित किया है कि आतंकवाद का धर्म होता है। इसके साथ ही उन्होंने नेताओं और सरकार को भी निशाने पर लिया। शंकराचार्य ने कहा कि यह घटना कोई सामान्य नहीं है। देश के बड़े-बड़े नेता समय-समय पर कहते रहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। इस घटना ने प्रमाणित कर दिया है कि नेतागण बोलने से पहले सोचिए, क्योंकि इस घटना ने प्रमाणित किया है। लोगों का धर्म पूछकर उन्हें मार दिया गया। किसी एक धर्म विशेष का होने के कारण उनको मार दिया गया। शंकराचार्य ने कहा कि इससे जो भी मतलब निकलता हो, लेकिन ये तो सिद्ध हो गया है कि आतंकवाद का धर्म होता है।

जाना होगा

## सीमा हैदर को छोड़ना होगा भारत, कटेगा वापसी का टिकट, संशय?



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने जो कड़े कदम उठाए हैं, उसके बाद नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा हैदर अचानक चर्चा में आ गई है। सवाल उठने लगा है कि सरकार के सार्क वीजा रद्द करने के फैसले के बाद क्या सीमा हैदर को भी 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा? दरअसल पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर 2023 में नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश की थी और अपने भारतीय पति सचिन मीणा के साथ दिल्ली में रह रही है। पब्जी खेलते-खेलते दोनों में प्यार हुआ और सीमा भारत आ गई। जानकारों का कहना है कि सरकार के फैसले के बाद सीमा को भी देश छोड़ना पड़ सकता है, लेकिन उसे इसलिए राहत मिल सकती है, क्योंकि उसके पास कोई वीजा नहीं है और उसका मामला अभी कोर्ट में है। इसके अलावा राज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वो क्या फैसला लेता है। वहीं भारत ने पाकिस्तान में मौजूद भारतीयों को जल्द से जल्द वापस अपने देश लौटने के लिए कहा है। साथ ही, भारतीयों से पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है।

### 104 पाकिस्तानी गए और 29 भारतीय लौटे



अटारी वाघा बॉर्डर बंद होने के बाद पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश वापस लौटने लगे। गुरुवार की सुबह कई पाकिस्तानी परिवार अटारी-वाघा बॉर्डर मार्ग के माध्यम से पड़ोसी देश लौटने के लिए अमृतसर में आईसीपी पर पहुंचे। कराची के एक परिवार ने कहा कि वे अपने रिश्तेदारों से मिलने दिल्ली गए थे। परिवार के एक सदस्य शेख फजल अहमद ने कहा कि हम 15 अप्रैल को भारत आए थे और आज हम घर लौट रहे हैं, हालांकि हमारे पास 45 दिनों का वीजा था। पहलगाम हमले अहमद ने कहा कि जिसने भी यह किया है वह पूरी तरह से गलत है। हम दोनों देशों के बीच आपसी भाईचारा और दोस्ती चाहते हैं। मंसूर नामक एक अन्य पाकिस्तानी नागरिक ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ 15 अप्रैल को 90 दिन के वीजा पर भारत आया था, लेकिन हम आज घर लौट रहे हैं। अब तक 104 पाकिस्तानी वापस चले गए हैं जबकि 29 भारतीय स्वदेश लौटे हैं।

## खबर संक्षेप

### मुसलमान होने के नाते शर्म आ रही हैः सलीम

**मुंबई।** बॉलीवुड सिंगर सलीम मर्चेंट भड़क गए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में उन्होंने बताया है कि इस्लाम, निर्दोष लोगों की हत्या करना नहीं सीखाता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोग इसलिए मारे गए क्योंकि वे हिंदू थे, मुसलमान नहीं। क्या ये हत्यारे मुसलमान हैं? नहीं, वे आतंकवादी हैं क्योंकि इस्लाम ऐसा नहीं सिखाता है। मर्चेंट ने वीडियो में आगे कहा, एक मुसलमान होने के नाते मुझे शर्म आ रही है कि मुझे यह दिन देखना पड़ रहा है।
मेरे निर्दोष हिंदू भाई-बहनों को इतनी बेरहमी से मार दिया गया। सिर्फ

### रूस के हमलों में नौ लोगों की मौत, 63 अन्य घायल

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर बुधवार रात बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई और छह बच्चों सहित 63 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन ने अपने 'टेलीग्राम' चैनल पर बताया कि रूस ने कीव पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि इन हमलों के कारण कई आवासीय इमारतों में आग लग गई। इसके साथ ही कई अन्य घर भी इस हमले में तबाह हो गए। साथ ही कई लोग बेघर हो गए हैं।

### स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गईं उषा वेंस

# जयपुर से वॉशिंगटन के लिए रवाना हुए उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, सिटी पैलेस का दौरा रद्द

एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम आतंकी हमले की उन्होंने कड़ी निंदा की और अमेरिका की ओर से भारत को आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय यात्रा के बाद गुरुवार सुबह वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्होंने वाशिंगटन के लिए विशेष विमान से उड़ान भरी। सोमवार रात वेंस दिल्ली से जयपुर पहुंचे थे। पहलगाम हमले के बाद जयपुर में सिटी पैलेस का उनका कार्यक्रम रद्द हो गया था।अपनी इस भारत यात्रा के दौरान वेंस ने जयपुर में आमेर किला देखा और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भारत-अमेरिका संबंधों पर भाषण दिया।

इससे पहले वे बुधवार को आगरा में ताजमहल देखने गए। वेंस परिवार ने सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए। साथ ही राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने वैंस और उनके परिवार के लिए डिनर की मेजबानी की। उनका यह दौरा राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूती देने वाला माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, आगरा भ्रमण के दौरान पहलगाम आतंकी हमले की खबर को लेकर भी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की। उन्होंने इस हमले की कड़ी निंदा की साथी दुख की इस घड़ी पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस कठिन घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है। अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

**जयपुर की दुकान पर प्याज और दाल कचोड़ी का स्वाद भी चखा**

**उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा- अमेरिका, भारत के साथ खड़ा है**






### मिठाई की दुकान पर पहुंची पत्नी उषा, 2 किलो मिठाई खरीदी

*जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी बुधवार दोपहर को अचानक जयपुर के टोंक रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार पहुंचीं। यहां उन्होंने कई तरह की मिठाइयां खरीदीं और प्याज कचौरी व दाल कचौरी का स्वाद चखा। वे मिठाई की शॉप से करीब 2 किलो मिठाई भी लेकर गई हैं। इसमें आधा किलो काजू तरबूज, 250 ग्राम काजू-बादाम, पिस्ता से बने ठंडाई लड्डू, 250 ग्राम शहद से बने हनी लड्डू और एक किलो मैंगो, स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गई हैं। रावत मिष्ठान भंडार के जनरल मैनेजर जीएल मीणा ने बताया कि इस दौरान भुदेव देवड़ा और आज्ञा देवडा ने ऊषा वेंस का स्वागत भी किया।*

जवानों ने किया डटकर मुकाबला

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में मुठभेड़ में सेना का एक जवान हुआ शहीद



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को तलाशी अभियान के बाद सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान डुडु-बसंतगढ़ इलाके में गोलीबारी हुई। व्हाइट नाइट कोर ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, उधमपुर के बसंतगढ़ इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

इसमें कहा गया कि संपर्क स्थापित हो गया और भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने कहा, शुरुआती मुठभेड़ में हमारा एक बहादुर जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में सर्वोत्तम चिकित्सा प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान अभी भी जारी था।

### बीएसएफ के जवान के साथ पाक आर्मी की क्रूरता

**नई दिल्ली।** भारतीय सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में पकड़ लिया। भारतीय सैनिक को जब गिरफ्तार किया गया तो वह कथित तौर पर पाकिस्तानी क्षेत्र में भटक गए थे। भारतीय सैनिक के पाकिस्तानी क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद चेनाब रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें आगे की पूछताछ के लिए एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। इस दौरान पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान की आंखों में पट्टी बांध दी। पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा पकड़े गए भारतीय जवान का नाम पी.के. सिंह है, जो बीएसएफ यूनिट की 24 बटालियन में शामिल हैं। बीएसएफ चीफ डीके पाठक ने कहा कि हम पाकिस्तान रेंजर्स के संपर्क में हैं और फ्लैग मीटिंग की मांग की है। हमें उम्मीद है कि हमारे जवान को जल्द ही हमें वापस सौंप दिया जाएगा।जानकारी के मुताबिक, जवान भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर फसल काट रहे किसानों पर नजर रखे हुआ था। बॉर्डर पर किसानों को खेती करने की इजाजत दी जाती है। जब बॉर्डर पर किसान फसल बोते या काटते हैं, तो उनके साथ बीएसएफ जवानों की मौजदूगी उनकी सुरक्षा के लिए होती है।




आईएसआईएस से आया मेल

## भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर को फिर मिली धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर को धमकी मिली है। खबर है कि उन्हें ईमेल के जरिए आईएसआईएस कश्मीर ने धमकी दी है। फिलहाल, इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस कर रही है और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खास बात है कि धमकी भरा मेल ऐसे समय पर आया है, जब दो दिन पहले ही जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को भून डाला था। धमकी मिलने के बाद गंभीर ने बुधवार को दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि उन्हें और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गंभीर भाजपा के पूर्व सांसद भी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब उन्हें धमकी मिली है।



### पहले भी मिली थी धमकी

अप्रैल 2022 में भी कथित तौर पर गंभीर को धमकी भरे दो ईमेल मिले थे। एक ही दिन में मिले दो संदेश में एक ही बात कही गई थी कि 'आई किल यू'। पहलगाम हमले को लेकर भी गंभीर ने भारत की जवाबी कार्रवाई के बारे में लिखा था। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी होगी। भारत हमला करेगा।

ताउम्र नहीं मिटने वाले दर्द की दुखभरी दास्तां, नहीं थम रहा आंसुओं का सैलाब

## जिस आंगन में मढा बांधकर निकली थी बारात, 7 वें दिन उठी दूल्हे की अर्थी

एजेंसी ▶▶ करनाल

अप्रैल माह की 16 तारीख और सेक्टर-7 में खुद बनाए अपने सपनों के घर का आंगन। जहां मढा बांधने के बाद नई जिंदगी की शुरुआत के लिए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की बारात निकली थी मगर ठीक सातवें दिन बुधवार को उसी जगह से विनय की अर्थी उठी। जिस जगह पर मंगल गीत गाए जा रहे थे, वहां अब चीख पुकार मची है। महज सप्ताह भर में ही घर की खुशियां मातम में बदल गईं और माता-पिता के अलावा दादा-दादी को भी जिंदगी भर का दर्द दे गई। वहीं सबसे बड़ा दर्द पत्नी हिमांशी के लिए है, जिसने अभी ससुराल के माहौल को भी ठीक से समझा नहीं था।

पति के साथ उनकी शादी के बाद होने वाली कईं रस्में भी शेष थीं। जिस मढे को खुशियों के साथ बांधा गया था, उसे भी खोलना अभी बाकी था। पहलगाम में आतंकियों ने 6दिनों में 7जन्मों के लिए बंधन में बंधे विनय और हिमांशी के रिश्ते को खत्म कर दिया। मंडप से पति का हाथ थाम कर जिंदगी बिताने का ख्वाब देखने वाली हिमांशी अब पति के पार्थिव शरीर पर अपने हाथ पटकते हुए पति से सहारा मांग रही है। मढा एक रस्म है, जिसे शादी से पूर्व पितृ पूजन करके घर के आंगन में मटके के ढक्कन आदि को सुतली में पिरोकर बांधा जाता है और शादी संपन्न होने के बाद उसे खोलते हैं।

### शौक से पहना सुहाग चूड़ा, अब सूनी कलाइयां



*शादी से पहले हिमांशी ने शौक से सुहाग का चूड़ा पहना था। जिसके पति के जाते ही उतरने पर कलाइयां सूनी पड़ गईं। अब बेसुध हिमांशी को समझ नहीं आ रहा कि उसकी खुशियों भरी जिंदगी की शुरुआत में ही ये कैसे हो गया। साथ जीने-मरने की खाई कस्में को आतंकियों ने तोड़ दिया। हाथों में सजा सुहाग चूड़ा भी पति के पार्थिव शरीर पर पटक कर तोड़ा गया। पति की मौत से पत्नी हिमांशी अभी भी सदमे में है। जिसे परिवार के लोग पकड़कर सहारा देने का प्रयास कर रहे हैं।*

### घर में पड़ी मिठाइयों की मिठास हो गई फीकी

इकलौते बेटे की शादी का दादा और पिता सहित रिश्तेदारों, संबंधियों ने सेक्टर-7 स्थित घर में जश्न मनाया था। सभी के लिए उन्होंने अलग-अलग कार्यक्रम भी आयोजित किए थे। खूब मिठाइयां बांटी गई थी। मंगलवार रात तक उनके घर पर शादी की मिठाइयां थीं।

## साथ उठीं पिता-पुत्र की अर्थियां, पुणे में बेटी ने दी पिता के शव को मुखाग्नि

**भावनगर।** पहलगाम में हुआ हमला पूरे देश को बड़ा दर्द दे गया। खुशियां बटोरने कश्मीर गए परिवारों ने सोचा भी न होगा कि यह सफर आखिरी होगा। हमले में मारे गए पर्यटकों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं। पूरे देश के अलग-अलग राज्यों के इन मृत पर्यटकों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है। हमले में मारे गए गुजरात के पिता-पुत्र की अर्थियां एक साथ उठीं तो पूरे शहर की आंखें नम हो गईं।



वहीं पुणे में एक बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। पिता की चिता से उठती आग को देख रही बिटिया की आंखों में भी न्याय की चाह दिखी। पहलगाम हमले में मारे गए पुणे के कौस्तुभ गणबोटे के जीवन का पहला सफर ही आखिरी बन गया। स्नैक्स कारोबारी गणबोटे अपने दोस्त संतोष जगदाले के परिवार के साथ जम्मू-कश्मीर गए थे। उनके पड़ोसी सुनील मोरे ने बताया कि पूरी जिंदगी कौस्तुभ गणबोटे अपने कारोबार को बढ़ाने में व्यस्त रहे। यह पहली बार था जब उन्होंने और उनकी पत्नी संगीता ने शहर से बाहर यात्रा करने का फैसला किया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109